# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

सूर्योदय सुबह 6:09 बजे
सूर्यास्त शाम 6:50 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-212 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • बुधवार 8 अप्रैल 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एजीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल


## न्यूज़ ब्रीफ

### पाक में रात 8 बजे शॉपिंग मॉल बंद

**इस्लामाबाद|** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के असर अब पाकिस्तान में साफ दिखाई देने लगे हैं। ईंधन संकट गहराने के चलते सरकार ने देशभर में सख्त पाबंदियां लागू कर दी हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, अब देश के ज्यादातर हिस्सों में बाजार और शॉपिंग मॉल रात 8 बजे तक ही खुले रहेंगे। रेस्तरां, बेकरी और अन्य खाने-पीने की दुकानें रात 10 बजे तक बंद करनी होंगी। इसके अलावा शादी हॉल और दूसरे कमर्शियल वेन्यू भी रात 10 बजे के बाद खुले नहीं रह सकेंगे।

### आरएसएस दफ्तर के पास विस्फोटक बरामद

**नागपुर|** महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय के पास विस्फोटक सामग्री मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने सीए रोड स्थित एक घर के गार्डन से 15 जिलेटिन छड़, 58 डेटोनेटर और 8 कनेक्टर बरामद किए हैं। सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया गया। यह क्षेत्र संवेदनशील माना जाता है, जहां पास में जामा मस्जिद और राम मंदिर भी स्थित हैं। पुलिस सभी कोणों से मामले की जांच कर रही है और आशंका जताई जा रही है कि विस्फोटक स्थानीय फैक्ट्री से जुड़े हो सकते हैं।

### मिनी कूपर की टक्कर से महिला की मौत

**गोवा|** नॉर्थ गोवा के डोना पाउला इलाके में रविवार रात तेज रफ्तार मिनी कूपर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे 23 वर्षीय फाइव स्टार होटल कर्मचारी दीक्षा परवडकर की मौत हो गई और 26 वर्षीय डी. अरुण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि कार 22 वर्षीय डेरियस डायस चला रहा था, जो एक बिजनेसमैन का बेटा है। इस मामले में एक अहम बात यह भी सामने आई है कि मिनी कूपर कार पर अस्थायी नंबर प्लेट लगी थी, जो किसी वाहन के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन से पहले लगाई जाती है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# मणिपुर में रॉकेट हमले में दो मासूमों की मौत, सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर

■ **हालात तनावपूर्ण, विरोध प्रदर्शन तेज**

**एजेंसी | इंफाल**

मणिपुर में जारी जातीय संघर्ष ने एक बार फिर खौफनाक मोड़ ले लिया है। मंगलवार, 7 अप्रैल की सुबह बिष्णुपुर जिले के एक रिहायशी इलाके पर हुए संदिग्ध रॉकेट या मोर्टार हमले में दो मासूम बच्चों की जान चली गई। इस हमले ने घाटी वाले इलाकों में भारी जनाक्रोश पैदा कर दिया है, जिससे राज्य में तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। यह हृदयविदारक घटना मोइरांग के ट्रोंगलाओबी अवांग लेइकाई गांव में हुई। निशाना बनाया गया घर सीमा सुरक्षा बल के जवान ओइनम मालेमंगनबा का था, जो वर्तमान में राज्य से बाहर तैनात हैं। सुबह का समय, जब परिवार घर के भीतर था। शुरुआती जांच के अनुसार, पास की पहाड़ियों से एक लंबी दूरी का गोला (प्रोजेक्टाइल) दागा गया। हमले में ओइनम का 5 साल का बेटा और मात्र 5 महीने का शिशु बुरी तरह घायल हो गए, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। उनकी पत्नी, 37 वर्षीय बिनिता, छर्रों की गंभीर चोटों के कारण अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही हैं।



आसपास के पहाड़ी इलाकों में तलाशी अभियान और निगरानी शुरू कर दी गई।

**बच्चों की इलाज के दौरान मौत, मां की हालत गंभीर**

उन्हें तुरंत इंफाल के एक अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान दोनों बच्चों की मौत हो गई। बिनिता का धमाके में लगी छर्रों की चोटों का इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गोला गिरने के कुछ ही देर बाद एक ज़ोरदार धमाका हुआ, जिससे पूरे गांव में दहशत फैल गई। यह इलाका लंबे समय से संवेदनशील माना जाता रहा है

ट्रोंगलाओबी, चुराचांदपुर ज़िले की तलहटी के करीब स्थित है। यह इलाका इसलिए भी संवेदनशील माना जाता है, क्योंकि इसके आसपास ऐसे क्षेत्र हैं जहां माना जाता है कि सशस्त्र समूह सक्रिय हैं। गांव वालों का दावा है कि पहले भी आसपास की पहाड़ियों पर ऊंची जगहों से गोले दागे गए हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि कई किलोमीटर दूर से लंबी दूरी के हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**सीएम ने घायल महिला से मुलाकात की**

मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह मंगलवार सुबह पीड़ित मां से मिलने अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस जुर्म के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान की जाएगी और उनसे कानून के तहत सख्ती से निपटा जाएगा। खेमचंद ने कहा कि यह हमला एक बर्बर हरकत है और इंसानियत पर सीधा हमला है। यह मणिपुर में मुश्किल से मिली शांति को पटरी से उतारने की कोशिश है।

**सुरक्षा बढ़ाई गई, नेताओं ने शांति की अपील की**

सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र में अपनी तैनाती बढ़ा दी है और पूरे इलाके को हाई अलर्ट पर रखा है। दोषियों का पता लगाने के लिए आसपास के पहाड़ी इलाकों में तलाशी अभियान और निगरानी शुरू कर दी गई है। स्थानीय विधायक थोंगम शांति ने इस हमले की निंदा की और इसके पीछे जो लोग हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने शांति बनाए रखने की अपील की है और निवासियों से हिंसा का सहारा न लेने का आग्रह किया है।

**बढ़ते तनाव के बीच स्कूल बंद**

एहतियात के तौर पर, घाटी के कई जिलों में 7 अप्रैल को और अशांति फैलने की आशंका के चलते कई स्कूल बंद रहे। मणिपुर में पिछले कई महीनों से जातीय तनाव और छिटपुट हिंसा देखने को मिल रही है, खासकर पहाड़ी और घाटी वाले इलाकों के बीच, जिससे सुरक्षा बलों और प्रशासन के सामने लगातार चुनौतियां बनी हुई हैं।

**चुराचांदपुर के पहाड़ी इलाकों के पास बसा है मोइरांग इलाका**

मणिपुर का मोइरांग ट्रोंगलाओबी इलाका चुराचांदपुर के पहाड़ी इलाकों के पास है। 2023 और 2024 में मैतेई और कुकी-जो ग्रुप्स के बीच जातीय संघर्ष के दौरान यहां लगातार गोलीबारी हुई थी। एक और सीनियर अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को ट्रोंगलाओबी के पास के इलाके से एक एक्सप्लोसिव डिवाइस भी बरामद किया गया। स्थानीय NPP विधायक शांति सिंह ने भी हमले की निंदा की। उन्होंने कहा, यह घिनौना काम आतंकवाद से कम नहीं है।

### घटना के बाद विरोध प्रदर्शन, वाहनों में आग लगाई गई

*इस हमले से घाटी वाले ज़िलों में तनाव काफ़ी बढ़ गया है। घटना के बाद, गुस्साए स्थानीय लोगों ने कथित तौर पर बिष्णुपुर से गुज़र रहे दो तेल टैंकरों और एक ट्रक में आग लगा दी। बताया जा रहा है कि ये वाहन चुराचांदपुर की ओर जा रहे थे।प्रदर्शनकारियों का एक समूह मोइरांग पुलिस स्टेशन पर भी जमा हो गया, जिससे स्थानीय प्रशासन पर दबाव और बढ़ गया।*



# ईरान में लोग ट्रेन से यात्रा न करें, एयर स्ट्राइक की धमकी दी इजराइल ने

**एजेंसी | तेहरान**

मध्य-पूर्व में ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव ने गंभीर रूप ले लिया है। इजराइल की सेना ने ईरान के नागरिकों को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वे अगले 12 घंटे तक ट्रेन से यात्रा न करें और रेलवे ट्रैक से दूर रहें। इस एडवाइजरी ने पूरे क्षेत्र में चिंता और असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है।

इजराइली सेना ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जारी बयान में कहा, "प्रिय नागरिकों, आपकी सुरक्षा के लिए हम आपसे अपील करते हैं कि अभी से लेकर रात 9 बजे (ईरान समय) तक पूरे देश में ट्रेन से यात्रा न करें। ट्रेन और रेलवे लाइनों के पास आपकी मौजूदगी आपकी जान के लिए खतरा हो सकती है।" इस चेतावनी को संभावित सैन्य कार्रवाई से जोड़कर देखा जा रहा है।

इसी बीच, ईरान के पश्चिमी हिस्से में स्थित खोर्रमाबाद एयरपोर्ट पर अमेरिका और इजराइल की ओर से हवाई हमले किए जाने की खबर सामने आई है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, इस हमले में एयरपोर्ट को निशाना बनाया गया है और फिलहाल स्थानीय प्रशासन नुकसान का आकलन कर रहा है। हालांकि इस हमले की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

दूसरी ओर, इजराइली सेना ने एक वीडियो जारी कर दावा किया है कि उसने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए हैं। सेना के अनुसार, अब तक ईरान के 130 से अधिक एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह किया जा चुका है। वीडियो में विभिन्न सैन्य ठिकानों पर हमलों की झलक भी दिखाई गई है, जिससे हालात की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**ट्रम्प ने ईरान को 1 रात में तबाह करने की धमकी दी**



इस पूरे घटनाक्रम के बीच अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान ने स्थिति को और ज्यादा संवेदनशील बना दिया है। उन्होंने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए अमेरिकी समयानुसार मंगलवार रात 8 बजे तक का अल्टीमेटम दिया है। ट्रम्प ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अमेरिका की कार्रवाई ईरान के खिलाफ प्रभावी तरीके से चल रही है और जरूरत पड़ी तो पूरे ईरान को एक ही रात में तबाह किया जा सकता है। ट्रम्प ने यहां तक कहा कि अमेरिकी सेना के पास ऐसी योजना है, जिसके तहत ईरान के सभी पुलों और पावर प्लांट्स को एक साथ निशाना बनाया जा सकता है। उनके इस बयान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ा दी है। इसके अलावा, ट्रम्प ने एक अमेरिकी पायलट के रेस्क्यू ऑपरेशन का जिक्र करते हुए कहा कि जानकारी लीक होने के कारण दूसरा पायलट बचाव कार्य और मुश्किल हो गया। अमेरिकी एजेंसियां अब उस व्यक्ति की तलाश कर रही हैं, जिसने यह जानकारी सार्वजनिक की। मध्य-पूर्व में तेजी से बदलते हालात के बीच अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें अब इस बात पर टिकी हैं कि आने वाले घंटों में स्थिति किस दिशा में जाती है।

# जम्मू-कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा मॉड्यूल से जुड़े 5 लोग गिरफ्तार

■ **16 साल से फरार पाकिस्तानी आतंकी अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरेरा भी दबोचा,19 जगहों पर चला सर्च ऑपरेशन**

**एजेंसी | जम्मू-कश्मीर**

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी सफलता मिली है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के एक सक्रिय टेरर मॉड्यूल से जुड़े कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो पाकिस्तानी आतंकी और तीन स्थानीय मददगार शामिल हैं।

गिरफ्तार आतंकियों में अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरेरा, जो पिछले 16 साल से फरार था, और दूसरा आतंकी उस्मान उर्फ खुबैब शामिल हैं। यह ऑपरेशन सेंट्रल एजेंसियों के साथ मिलकर चलाया गया, जिसमें जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और हरियाणा सहित 19 स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान कई अहम दस्तावेज और सामग्री भी बरामद की गई।

जांच में सामने आया है कि यह मॉड्यूल आतंकियों को लॉजिस्टिक्स और फाइनेंशियल सहायता मुहैया कराता था। गिरफ्तार तीन स्थानीय मददगारों—मोहम्मद नकीब भट, आदिल राशिद भट और गुलाम मोहम्मद मीर उर्फ मामा—पर आतंकियों को पनाह, भोजन और अन्य सहायता देने के आरोप हैं।

अधिकारियों के अनुसार, ये मददगार सीमा पार बैठे हैंडलर्स के संपर्क में थे। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि आतंकी 2010 में भारत में



घुसे थे और कश्मीर घाटी के विभिन्न जिलों में सक्रिय रहे।

बताया जा रहा है कि इन आतंकियों ने करीब 40 आतंकवादियों का नेटवर्क संभाला, जिनमें से अधिकांश को सुरक्षाबलों ने समय-समय पर मार गिराया है।

### एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल का इस्तीफा

**नई दिल्ली|** टाटा की अगुवाई वाली एयरलाइन एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) कैंपबेल विल्सन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। एयरलाइन ने उनके उत्तराधिकारी की तलाश के लिए एक समिति का गठन किया है। एयरलाइन के अनुसार नए उत्तराधिकारी की घोषणा होने तक विल्सन सीईओ एवं प्रबंध निदेशक के पद पर बने रहेंगे। एयरलाइन ने कहा कि विल्सन ने 2024 में ही एयर इंडिया के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को 2026 में पद छोड़ने की अपनी इच्छा से अवगत करा दिया था। तब से वह यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि संगठन और नेतृत्व दल बदलाव के लिए स्थिर स्थिति में हो।

# असम पुलिस की कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के घर छापेमारी

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

असम पुलिस की एक टीम मंगलवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के दिल्ली स्थित आवास पहुंची। यह कार्रवाई उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर के एक दिन बाद हुई है, जो उन्होंने हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी को लेकर दिए गए बयान के बाद दर्ज की गई थी।

सूत्रों के अनुसार, असम पुलिस की टीम इस कार्रवाई में दिल्ली पुलिस की मदद ले रही है, क्योंकि किसी दूसरे राज्य की पुलिस को राष्ट्रीय राजधानी में कार्रवाई के दौरान स्थानीय पुलिस को सूचित करना अनिवार्य होता है। यह मामला रिनिकी भुइयां सरमा द्वारा गुवाहाटी पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच में दर्ज कराई गई शिकायत के बाद सामने आया। दर्ज एफआईआर में खेड़ा पर झूठे और मानहानिकारक आरोप लगाने का आरोप लगाया गया है। दरअसल, खेड़ा ने रविवार को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दावा किया था कि मुख्यमंत्री की पत्नी के पास कई पासपोर्ट हैं और उनकी नागरिकता पर सवाल उठाए थे। उन्होंने इस मुद्दे को चुनावी पात्रता से भी जोड़ा और जांच की मांग की थी।

इन आरोपों को खारिज करते हुए रिनिकी भुइयां सरमा ने इन्हें पूरी तरह झूठा बताया। उन्होंने कहा कि जिन दस्तावेजों का हवाला दिया गया, वे "एआई से बनाए गए और फोटोशॉप किए गए" हैं।

वहीं, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने खेड़ा के खिलाफ सिविल और क्रिमिनल मानहानि का मामला दर्ज करने की बात कही है। उन्होंने आरोपों को "दुर्भावनापूर्ण और राजनीतिक" बताया।

### विधानसभा में घुसने वाला मानसिक आरोपी!

**नई दिल्ली|** दिल्ली विधानसभा में हुई सुरक्षा चूक के मामले में नया खुलासा सामने आया है। पुलिस के अनुसार आरोपी सरबजीत सिंह मानसिक रूप से परेशान था और दिसंबर 2025 से इलाज करा रहा था। वह अपने भतीजे हरमन सिंह के 1 अप्रैल से लापता होने के बाद गहरे तनाव में था। परिवार के मुताबिक, सरबजीत बच्चे की तलाश में नंगल तक गया, लेकिन असफल रहा। इसके बाद उसका परिवार से विवाद हुआ और वह दिल्ली आ गया। परिवार ने उसे शांत करने के लिए कहा कि भतीजा मिल गया है, लेकिन उसका व्यवहार सामान्य नहीं हुआ। पुलिस के अनुसार वह गुरुद्वारा बंगला साहिब जाने के लिए निकला था, लेकिन रास्ता बदलकर विधानसभा परिसर में पहुंच गया। जांच में उसकी यात्रा, मानसिक स्थिति और घटना के कारणों की पड़ताल जारी है।

**पेज 1 एंकर स्टोरी** — **मजदूरों को राहतः प्रवासी मजदूरों को मिलेगी प्राथमिकता**

# केंद्र ने 5 किलो गैस सिलेंडर की सप्लाई डबल की

**एजेंसी | नई दिल्ली**

रसोई गैस की कमी के कारण प्रवासी मजदूरों के घर लौटने की खबरों के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने राज्यों के लिए 5 किलो के एलपीजी सिलेंडरों का आवंटन दोगुना करने का निर्णय लिया है, ताकि जरूरतमंदों तक ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

इस संबंध में केंद्रीय पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने मंगलवार को सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र भेजकर जानकारी दी। पत्र में कहा गया है कि 5 किलो फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडरों की दैनिक उपलब्ध मात्रा को दोगुना किया जा रहा है। यह बढ़ोतरी 2 और 3 मार्च की औसत दैनिक सप्लाई के आधार पर तय की गई है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि ये सिलेंडर राज्य सरकारों और उनके





खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभागों के पास रहेंगे और इन्हें केवल प्रवासी मजदूरों को वितरित किया जाएगा। इस प्रक्रिया में ऑयल मार्केटिंग कंपनियां भी सहयोग करेंगी।

यह कदम घरेलू स्तर पर रसोई गैस की उपलब्धता को सामान्य बनाने की रणनीति का हिस्सा है। इससे पहले सरकार ने कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति भी बढ़ाकर औसत मासिक खपत के 70 प्रतिशत तक पहुंचा दी थी। सरकार ने यह भी बताया है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के आयात के स्रोतों में विविधता लाई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, देश में फिलहाल कहीं भी गैस की पूरी तरह कमी नहीं है।

**5 किलो वाला सिलिंडर लेने के लिए क्या करना होगा**

केंद्र सरकार ने 5-किलो वाले 'फ्री ट्रेड एलपीजी' सिलिंडर को अब बिना एड्रेस प्रूफ देने की अनुमति दे दी है। इसे लेने के लिए अपने पास के एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाना होगा। जहां आप सिर्फ अपनी एक वैध आईडी कार्ड दिखाकर इसे खरीद सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि पांच किलो वाला छोटू सिलिंडर सिर्फ घरेलू यूज के लिए है। इनका कामर्शियल उपयोग पूरी तरह वर्जित है।




# 2 वर्षों में पूरा होगा शहीद उधम सिंह स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज का निर्माण: मुख्यमंत्री मान

समर न्यूज़ | होशियारपुर



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को होशियारपुर में स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने 268 करोड़ के मेडिकल कॉलेज और 300-बेड अस्पताल की नींव रखी और शहीद उधम सिंह स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की स्थापना की घोषणा की, जिसे अगले दो वर्षों में पूरा किया जाएगा।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार जनता के दरवाजे पर विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस मेडिकल कॉलेज में हर साल 100 MBBS डॉक्टरों को प्रशिक्षित किया जाएगा और इसमें MRI, CT स्कैन, विशेष सर्जरी और आधुनिक उपचार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा, उन्होंने 40 से अधिक गांवों को लाभ पहुंचाने वाले 9.18 करोड़ के कम्युनिटी हेल्थ सेंटर और सात नए स्वास्थ्य और वेलनेस सेंटर की आधारशिला भी रखी। मुख्यमंत्री ने हॉशीअरपुर से जुड़े 99 करोड़ के सड़क परियोजना बालाचौर–गढ़शंकर–हॉशीअरपुर–दासूया की शुरुआत की, जो 105 किमी लंबा कॉरिडोर है और चंडीगढ़, पठानकोट और जम्मू-कश्मीर के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाएगा। इससे जम्मू और दिल्ली के बीच यात्रा समय कम होगा और आनंदपुर साहिब, माता नैना देवी और माता ज्वाला जी के तीर्थयात्रियों को भी सुविधा मिलेगी।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री मान ने कहा कि पिछले 70 वर्षों में पारंपरिक पार्टियों ने राज्य का कुप्रबंधन किया और विकास की गति को पीछे खींचा। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में राज्य का समग्र विकास सुनिश्चित किया गया और पहली बार सरकार ने जनता से किए गए सभी वादों को पूरा किया।
मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और अकाली दल हमेशा पंजाब और जनता के खिलाफ रहे। उन्होंने अकाली परिवारों और पूर्व नेताओं की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी नीतियों से राज्य में भ्रष्टाचार, माफियाओं का संरक्षण और नशे का कारोबार बढ़ा।
मुख्यमंत्री मान ने शिक्षा, बिजली और कृषि क्षेत्रों में उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अब पहली बार किसानों को धान के मौसम में आठ घंटे से अधिक बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत 65 लाख परिवारों को हेल्थ कार्ड जारी किए हैं, जिनके माध्यम से 10 लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।
महिलाओं के लिए मावां धेयान सत्कार योजना की घोषणा की गई, जिसके तहत हर महिला को 1,000 और अनुसूचित जाति की महिलाओं को 1,500 प्रतिमाह मिलेगा। इस योजना के तहत राज्य सरकार ने बजट में 9,300 करोड़ आवंटित किए हैं। मुख्यमंत्री मान ने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने 90% घरों को मुफ्त बिजली, 65,000 युवाओं को भ्रष्टाचार मुक्त रोजगार, बेहतर सड़कों और टोल प्लाजा बंद करके जनता के पैसे की वापसी सुनिश्चित की है।
इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत, लोकसभा विधायक डॉ. राजकुमार चब्बेवाल और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# बठिंडा में बेटे ने बुजुर्ग मां पर चढ़ाया ट्रैक्टर, गंभीर चोटें आईं

समर न्यूज़ | बठिंडा



बठिंडा जिले के गांव महिमा सरजा में संपत्ति विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया, जहां एक बेटे ने अपनी ही बुजुर्ग मां के साथ बेरहमी की हद पार कर दी। आरोप है कि बेटे ने न केवल मां की पिटाई की, बल्कि ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश भी की। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।
जानकारी के अनुसार, नसीब कौर और उनके बेटे कुलदीप सिंह के बीच लंबे समय से संपत्ति और मशीनरी के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। सोमवार को जब कुलदीप सिंह ट्रैक्टर लेकर कहीं जा रहा था, तो मां ने उसे रोकने की कोशिश की और विरोध जताते हुए ट्रैक्टर के आगे लेट गईं। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि आरोपी ने ट्रैक्टर नहीं रोका और वाहन का अगला हिस्सा मां के ऊपर से गुजर गया। हालांकि महिला बाल-बाल बच गईं, लेकिन उन्हें गंभीर चोटें आईं। इसके बाद भी आरोपी का दिल नहीं पसीजा और उसने मां को ट्रैक्टर के नीचे से घसीटकर साइड में फेंक दिया और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद घायल नसीब कौर को तुरंत सिविल अस्पताल गोनियाना में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक महिला को शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।
भुच्चो के डीएसपी अमृतपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि पीड़िता के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मनी एक्सचेंजर की दुकान से 1.20 लाख उड़ाए

समर न्यूज़ | कपूरथला

कपूरथला के श्री सत्यनारायण बाजार में दिनदहाड़े एक मनी एक्सचेंजर की दुकान से 1.20 लाख रुपये की नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का मेमोरी कार्ड भी निकालकर ले गया। पीड़ित अरविंदर सिंह, जो 'एवी एंटरप्राइजेज' के नाम से वेस्टर्न यूनियन का काम करते हैं, ने बताया कि दोपहर में एक युवक दुकान पर आया और आधार कार्ड बनवाने के बारे में पूछकर चला गया। कुछ देर बाद वह बैंक चले गए और इसी दौरान चोरी की वारदात हुई। वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि गल्ला टूटा हुआ था और नकदी गायब थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। डीएसपी शीतल सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घटनास्थल के नजदीक लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों में एक संदिग्ध युवक कैद हुआ है। फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# ग्रेटर नोएडा में 'मेट्रो विश्वविद्यालय' की स्थापना को योगी सरकार ने दी मंजूरी

एजेंसी | लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इस क्रम में ग्रेटर नोएडा में निजी क्षेत्र के अंतर्गत 'मेट्रो विश्वविद्यालय' की स्थापना को मंजूरी दी गई है, जो प्रदेश में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।
प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के अंतर्गत यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त अधिनियम के तहत निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना, उनके विनियमन एवं संचालन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रायोजक संस्था सनहिल हेल्थकेयर प्रा. लि., नोएडा द्वारा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से आवंटित 26.1 एकड़ भूमि पर 'मेट्रो विश्वविद्यालय' स्थापित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था, जिसे विधिक प्रावधानों के अनुरूप परीक्षण के उपरांत स्वीकृति दी गई है। इसके लिए उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की अनुसूची में संशोधन करते हुए 'उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2026' प्रख्यापित किए जाने तथा प्रायोजक संस्था को संचालन प्राधिकार-पत्र निर्गत करने का निर्णय लिया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना से प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के नए अवसर सृजित होंगे तथा युवाओं को आधुनिक एवं रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराई जा सकेगी। यह पहल राज्य को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि योगी सरकार उच्च शिक्षा के विस्तार, गुणवत्ता संवर्धन और निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। नए विश्वविद्यालयों की स्थापना से प्रदेश में शिक्षा के साथ-साथ रोजगार और कौशल विकास के अवसर भी बढ़ेंगे।

# गली में खेल रही 7 साल की बच्ची को कार ने कुचला, मौत

एजेंसी | जालंधर



जालंधर के गुरु नानक पुरा वेस्ट इलाके में एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है, जहां घर के बाहर गली में खेल रही 7 वर्षीय मासूम बच्ची को एक लापरवाह कार चालक ने कुचल दिया। गंभीर चोटों के कारण बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई।
मृतक बच्ची की पहचान राधिका के रूप में हुई है, जो रोज की तरह शाम के समय घर के बाहर गली में खेल रही थी। इसी दौरान एक कार चालक गली में अपनी गाड़ी मोड़ने की कोशिश कर रहा था, लेकिन उसने नीचे खेल रही बच्ची पर ध्यान नहीं दिया और लापरवाही से गाड़ी घुमा दी। इससे बच्ची कार के नीचे आ गई और उसे संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। परिजनों और स्थानीय लोगों ने बच्ची को उठाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिवार ने आरोप लगाया कि चालक बच्ची को अस्पताल ले जाने की बजाय मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर थाना रामामंडी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी जसविंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया और कार को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 और 106 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मलेरकोटला में 3 फर्जी पुलिस कर्मचारी गिरफ्तार

## विदेशी पिस्टल, पुलिस वर्दी और फर्जी आईडी बरामद

समर न्यूज़ | मलेरकोटला

मलेरकोटला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली पुलिसकर्मी बनकर लोगों को धमकाने और वारदात को अंजाम देने की साजिश रच रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन विदेशी पिस्टल, पुलिस की वर्दी और फर्जी पहचान पत्र बरामद किए हैं।
एसएसपी गगन अजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ आरोपी पुलिस की वर्दी पहनकर इलाके में बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जाल बिछाया और आरोपियों को काबू कर लिया।
गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तरनतारन जिले के रहने वाले रणबीर सिंह उर्फ दीपा (मेहंदीपुर), हरप्रीत सिंह (बल्टोहा) और गुरलाल (मेहंदीपुर) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सबसे पहले रणबीर सिंह को गिरफ्तार किया गया, जो पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को डराता-धमकाता था। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि उसके दो साथी भी इलाके में पहुंचने वाले हैं और वे मिलकर बड़ी वारदात को अंजाम देंगे।
इसके बाद पुलिस ने नाभा रोड स्थित बागड़िया के पास ट्रैप लगाया और दोनों अन्य आरोपियों को भी दबोच लिया। मौके से पुलिस को दो पिस्टल, पुलिस की वर्दी, फर्जी आईडी और अन्य सामान बरामद हुआ। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी पुलिस बनकर लोगों को डराते और ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे। एसएसपी ने बताया कि आरोपी वारदात करने के लिए दूसरे जिलों को चुनते थे, ताकि घटना के बाद अपने गांव लौटकर आसानी से बच सकें। उन्होंने मलेरकोटला, पटियाला और संगरूर में वारदात करने की योजना बनाई थी।
पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रिमांड के दौरान उनसे पूछताछ कर यह पता लगाया जाएगा कि विदेशी पिस्टल कहां से लाए गए और इनके तार किन-किन लोगों से जुड़े हैं। पुलिस को शक है कि इसके पीछे कोई बड़ा गिरोह सक्रिय हो सकता है।
फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और दावा किया है कि जल्द ही इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# संगरूर में 78 वर्षीय चौकीदार की हत्या, आरोपी फरार

समर न्यूज़ | संगरूर

संगरूर जिले में एक 78 वर्षीय चौकीदार की देर रात अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। यह घटना बठिंडा-जीरकपुर नेशनल हाईवे पर पटियाला रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पीछे खाली प्लॉट में हुई, जहां चौकीदार नए लगाए गए ट्यूबवेल के सामान की रखवाली कर रहा था। मृतक की पहचान राम के रूप में हुई है। उनके भतीजे परगट सिंह ने बताया कि राम भवानीगढ़ में पटियाला रोड पर स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पेस्टीसाइड की दुकान के पीछे खाली प्लॉट में नए ट्यूबवेल के सामान की रखवाली के लिए तैनात थे। परगट सिंह के अनुसार, बीती रात जब उनके चाचा ड्यूटी पर थे, तो कुछ अज्ञात लोग वहां आए। उन्होंने राम के साथ बुरी तरह मारपीट की और उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद हमलावर शव को चारपाई से बांधकर मौके से फरार हो गए। सुबह जब ट्यूबवेल लगाने वाली मशीन पर काम कर रहे लोग प्लॉट पर पहुंचे, तो उन्होंने राम का शव बिस्तर पर पड़ा देखा। उन्होंने तत्काल परिवार को सूचित किया, जिसके बाद परिवार ने स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर सतवंत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची।
पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर सतवंत सिंह ने बताया कि पुलिस ने मृतक के बेटे सुखविंदर सिंह के बयानों के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है।

# भोपाल में खुलेगा फाइनेंशियल ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट

## उज्जैन एयरपोर्ट के लिए 590 करोड़ मंजूर, एससी वर्ग के विद्यार्थियों को हर माह मिलेगी दस हजार रुपये

एजेंसी | भोपाल



मध्यमध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। इसमें भोपाल में फाइनेंशियल ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफटीआरआई) खोलने की मंजूरी दी गई, जो राज्य में वित्तीय प्रबंधन, बजट आकलन और अन्य वित्तीय व्यवस्थाओं पर रिसर्च करेगा। प्रारंभ में इसका संचालन प्रशासन अकादमी भोपाल से किया जाएगा।
बैठक में उज्जैन एयरपोर्ट के विकास के लिए 590 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी दी गई। केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत विकसित होने वाले इस एयरपोर्ट से सिंहस्थ महाकुंभ और अन्य धार्मिक पर्यटन के दौरान आवागमन सुगम होगा। अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति भी बढ़ाकर 10,000 रुपये प्रतिमाह की गई है। यह राशि अब पोस्ट ग्रेजुएट और ग्रेजुएट छात्रों को दी जाएगी। प्रति वर्ष 100 नवीन और पूर्व अध्ययनरत विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा।
कैबिनेट ने जनकल्याण और विकास कार्यों के लिए 16,720 करोड़ रुपये, वाणिज्यिक कर विभाग की योजनाओं के लिए 2,952 करोड़ रुपये, चना और मसूर फसल की आगामी तीन वर्षों की खरीदी के लिए 3,174 करोड़ रुपये की मंजूरी दी।
वन क्षेत्रों में पुनरुत्पादन, पुनर्स्थापना और संरक्षण के लिए 5,215 करोड़ रुपये, अशासकीय विद्यालयों को ट्यूशन फीस प्रतिपूर्ति के लिए 3,039 करोड़ रुपये और पीएम श्री विद्यालय योजना के लिए 940 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए।
कातना सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के लिए 88.41 करोड़ रुपये मंजूर किए गए, जिससे 3,500 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित होगा और 1,358 परिवारों को लाभ मिलेगा।
सरकार ने चने और मसूर की खरीदी नीति भी तय की। चने का 25 प्रतिशत और मसूर का 100 प्रतिशत खरीदी जाएगी, जिसके लिए 3,174 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। मंत्री काश्यप ने बताया कि मंत्रि-परिषद ने चना और मसूर की खरीदी को भी मंजूरी दी है। चने का भाव 5000 रुपये और मसूर का 5800 रुपये क्विंटल है। सरकार चने के कुल उत्पादन का 25 प्रतिशत खरीदी करेगी और मसूर का 100 फीसदी खरीदी करने का फैसला किया गया है। इसके लिए 3174 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।

# खालसा साजना दिवस पर 1763 श्रद्धालुओं का जत्था पाक जाएगा

समर न्यूज़ | अमृतसर

खालसा साजना दिवस (वैशाखी) के अवसर पर पाकिस्तान स्थित गुरुधामों के दर्शन के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से भेजे जाने वाले जत्थे के लिए 1763 श्रद्धालुओं को वीजा जारी किया गया है। यह जत्था 10 अप्रैल को एसजीपीसी कार्यालय से रवाना होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसजीपीसी के सचिव बलविंदर सिंह काहलों ने बताया कि कुल 1795 श्रद्धालुओं के पासपोर्ट पाकिस्तान दूतावास, नई दिल्ली भेजे गए थे, जिनमें से 1763 को वीजा मिला है, जबकि 32 श्रद्धालुओं को वीजा नहीं मिल पाया। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी वैशाखी के मौके पर सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान भेजा जा रहा है। यह जत्था 10 अप्रैल को धार्मिक उत्साह और जयकारों के बीच रवाना होगा। श्रद्धालु पाकिस्तान के हसन अब्दाल स्थित गुरुद्वारा श्री पंजा साहिब में मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे और इसके बाद अन्य ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन करेंगे। यह जत्था 19 अप्रैल को भारत लौटेगा। एसजीपीसी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि जिनके वीजा लग चुके हैं, वे 9 अप्रैल को कार्यालय समय के दौरान एसजीपीसी दफ्तर से अपने पासपोर्ट प्राप्त कर लें। एसजीपीसी ने यह भी बताया कि जिन श्रद्धालुओं को वीजा नहीं मिला है, उनके सीरियल नंबर जारी कर दिए गए हैं। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और जत्थे को पारंपरिक धार्मिक माहौल में विदाई दी जाएगी।

# आबकारी में अगले वित्त वर्ष के लिए रेवन्यू 12,800 करोड़ का लक्ष्य रखा: हरपाल सिंह

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी एवं कर मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहाँ घोषणा की कि आबकारी एवं कर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ठोस आबकारी नीति उपायों और कुशल प्रशासनिक कार्यप्रणाली के परिणामस्वरूप राजस्व संग्रह में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। उन्होंने बताया कि 11,200 करोड़ रुपये के संशोधित आबकारी राजस्व लक्ष्य के मुकाबले विभाग ने 31 मार्च, 2026 तक सफलतापूर्वक 11,782 करोड़ रुपये एकत्र किए, जो लक्ष्य से 582 करोड़ रुपये अधिक हैं। व्यापक वित्तीय उपलब्धियों को साझा करते हुए वित्त मंत्री ने इस सफलता का श्रेय सीधे तौर पर राज्य सरकार के सक्रिय शासन और व्यापार-हितैषी नीतियों को दिया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, "विशेष रूप से, पिछले चार वर्षों में आबकारी राजस्व लगभग दोगुना हो गया है, जो 6,254.84 करोड़ रुपये से बढ़कर 11,782 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है, और वर्ष 2026-27 के लिए 12,800 करोड़ रुपये का नया लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह उपलब्धि पारदर्शिता और नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए राजस्व अधिकतम करने के प्रति विभाग की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आगामी वित्तीय वर्ष की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री ने रणनीतिक वित्तीय लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आबकारी नीति 10,520 करोड़ रुपये के अनुमानित लाइसेंस शुल्क लक्ष्य के साथ तैयार की गई है, जबकि वर्ष 2025-26 में यह 9,877 करोड़ रुपये था। यह उल्लेखनीय है कि राज्य के सभी 207 खुदरा शराब समूह वर्ष 2026-27 के लिए आवंटित किए जा चुके हैं, जो राज्य सरकार की आबकारी नीति में लाइसेंसधारकों के विश्वास को दर्शाता है। आबकारी नीति 2026-27 को समग्र रूप से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है, जिसने राज्य के खजाने में राजस्व के निरंतर प्रवाह को बनाए रखने के साथ-साथ शराब व्यापार में स्थिरता सुनिश्चित की है। राज्य के राजस्व स्रोतों में लगातार हो रही वृद्धि पर चर्चा करते हुए वित्त मंत्री ने आबकारी विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 12,800 करोड़ रुपये का महत्वाकांक्षी कुल राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया है।

उद्देश्य

सरकार ने 'एज इज वेयर इज' के आधार पर 1511 कॉलोनियों को वैध बनाने की घोषणा की

# दिल्ली में गैरकानूनी कॉलोनियों का नियमितीकरण और टीओडी नीति लागू

समर न्यूज़ | नई दिल्ली




दिल्ली में लंबे समय से चली आ रही अनधिकृत कॉलोनियों की समस्या का समाधान करने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। शहरी विकास और नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार ने 'एज इज वेयर इज' के आधार पर कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू की है। साथ ही मेट्रो और रेलवे स्टेशनों के आसपास TOD (Transit Oriented Development) योजना लागू की जाएगी।
केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को विशेष कार्यक्रम में बताया कि अब अनधिकृत कॉलोनियों को बिना लेआउट प्लान स्वीकृति के वैधता दी जाएगी और मालिकाना हक की प्रक्रिया सरल बनेगी। दिल्ली सरकार, डीडीए, एमसीडी, एनडीएमसी, एलएनडीओ और दिल्ली जल बोर्ड के बीच अधिकारों के टकराव को दूर करते हुए सभी संस्थाओं को समन्वित कर समाधान निकाला जाएगा।
उन्होंने कहा कि अब दिल्ली सरकार द्वारा तय सर्कल रेट डीडीए और एलएनडीओ दोनों पर लागू होगा, जिससे कन्वर्जन रेट, रजिस्ट्रेशन शुल्क और लीज होल्ड संपत्तियों से जुड़ी समस्याएं हल होंगी। रेगुलराइजेशन की प्रक्रिया 24 अप्रैल 2026 से स्वगम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शुरू होगी।
मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि नई योजना से लगभग 50 लाख लोगों और 10 लाख परिवारों को लाभ मिलेगा। दिल्ली में कुल 1731 अनधिकृत कॉलोनियों में से 1511 को नियमित किया जा रहा है, जबकि रिजर्व एरिया, ओजोन, फॉरेस्ट क्षेत्र और संरक्षित स्मारकों के आसपास की कॉलोनियों को बाहर रखा गया है।
नई व्यवस्था में भूखंड और भवन को जैसा है उसी रूप में मान्यता मिलेगी। प्रक्रिया समयबद्ध होगी—जीआईएस सर्वे 7 दिन, एप्लीकेशन कमी सुधार 15 दिन और कन्वेंस डीड 45 दिन में जारी की जाएगी।
डीडीए उपाध्यक्ष एन सरवणा कुमार ने बताया कि TOD नीति के तहत मेट्रो लाइन के दोनों तरफ 500 मीटर क्षेत्र को TOD जोन माना जाएगा। न्यूनतम प्लॉट साइज अब 2000 वर्ग मीटर रखा गया है। कुल FAR का 65 प्रतिशत किफायती आवास के लिए अनिवार्य रहेगा। सभी प्रोजेक्ट के लिए सिंगल विंडो सिस्टम और 60 दिनों में बिल्डिंग प्लान की मंजूरी सुनिश्चित होगी।
अतिरिक्त सचिव डी थारा ने बताया कि ओनरशिप राइट्स लेने वाले अब सीधे स्वगम पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं और एमसीडी के पोर्टल पर भवन नक्शा अपलोड कर नियमितीकरण करवा सकते हैं। एम्पैनल्ड आर्किटेक्ट्स द्वारा नक्शा तैयार किया जाएगा और नई अनधिकृत निर्माण गतिविधियों पर सख्ती से नजर रखी जाएगी।

### डेटा सेंटर पर हमले से ठप हो सकती हैं इंटरनेट सेवाएं, भारत समेत वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर

# मिडिल ईस्ट तनाव अब डिजिटल जंग में बदला, गूगल-एप्पल-मेटा पर खतरा

समर न्यूज़ | नई दिल्ली




मिडिल ईस्ट में चल रही लड़ाई अब सिर्फ मिसाइल और बम तक लिमिटेड नहीं रही है। अब मामला सीधे इंटरनेट और टेक कंपनियों तक पहुंच चुका है। 1 अप्रैल 2026 को ईरान की तरफ से यह चेतावनी दी गई कि वह करीब 18 अमेरिकी टेक कंपनियों को निशाना बना सकता है, जिनमें गूगल-एप्पल-मेटा जैसी बड़ी कंपनियां शामिल हैं। इससे पहले बहरीन में अमेजॉन के डेटा सेंटर पर असर भी देखा जा चुका है। ऐसे में सवाल है कि अगर अगला निशाना गूगल, ऐपल और मेटा को बनाया जाता है तो क्या होगा?

आम यूजर्स पर क्या असर पड़ेगा, खास तौर पर भारतीय यूजर्स और इकॉनमी पर क्या असर पड़ेगा? सबसे पहले समझिए कि ये कंपनियां सिर्फ ऐप नहीं चलातीं, बल्कि पूरी दुनिया का डिजिटल सिस्टम इन्हीं पर टिका है। गूगल के सर्वर से जीमेल, यू ट्यूब, मैप्स और हजारों ऐप चलते हैं। मेटा के बिना वाट्सएप, इंस्टाग्राम और फेसबुक बंद हो जाएंगे। एप्पल के सिस्टम से iPhone यूजर्स का डेटा, ऐप और पेमेंट जुड़ा होता है। अगर इनके डेटा सेंटर पर हमला होता है, तो ये सारी सेवाएं अचानक बंद या बहुत धीमी हो सकती हैं। इसका असर सिर्फ एक देश में नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में दिखेगा। ईरान सीधे अमेरिका में हमला करना मुश्किल समझता है, इसलिए वह मिडिल ईस्ट में मौजूद इन कंपनियों के डेटा सेंटर को निशाना बना सकता है।

UAE, बहरीन और आसपास के इलाकों में कई बड़े सर्वर सेंटर हैं, जहां से पूरे इलाके की इंटरनेट सेवाएं चलती हैं। अगर यहां हमला होता है, तो एक साथ लाखों-करोड़ों यूजर्स की सर्विस पर असर पड़ेगा। पहले अमेजॉन के मामले में भी ऐसा ही देखने को मिला, जहां सर्विस में दिक्कत आई थी। हमला सिर्फ बम या ड्रोन से ही नहीं हो सकता, बल्कि इंटरनेट सिस्टम को भी खराब किया जा सकता है।

अगर किसी डेटा सेंटर की बिजली, कूलिंग या नेटवर्क को नुकसान पहुंचता है, तो वह तुरंत बंद हो सकता है। इसके अलावा समुद्र के नीचे जो इंटरनेट केबल्स बिछी हैं, उन पर असर पड़ा तो कई देशों में इंटरनेट बहुत धीमा या बंद हो सकता है।

अब बात करते हैं कि अगर सच में गूगल, ऐपल या मेटा के बड़े डेटा सेंटर पर सीधा हमला होता है तो अंदर क्या होता है। डेटा सेंटर एक तरह का डिजिटल पावरहाउस होता है, जहां हजारों सर्वर एक साथ चलते हैं। यहां लगातार बिजली, कूलिंग और हाई-स्पीड इंटरनेट जरूरी होता है। जैसे ही इनमें से कोई एक चीज फेल होती है, मान लीजिए बिजली चली गई या कूलिंग सिस्टम बंद हो गया, तो सर्वर ओवरहीट होकर बंद होने लगते हैं।

कई बार सिक्योरिटी के लिए सिस्टम खुद ही शटडाउन हो जाता है, जिससे बड़ी सर्विसेज अचानक बंद हो जाती हैं। कंपनी के लिए इसका नुकसान सिर्फ सर्वर बंद होना नहीं है। सबसे बड़ा नुकसान होता है डाउनटाइम का। जितनी देर सर्विस बंद रहती है, उतनी देर कंपनी पैसा खोती है।

गूगल के लिए इसका मतलब ऐड्स रुकना, मेटा के लिए मतलब सोशल मीडिया और ऐड बिजनेस ठप होना, और एप्पल के लिए मतलब ऐप डाउनलोड, क्लाउड बैकअप और पेमेंट सिस्टम पर असर। एक बड़े आउटेज में कंपनियों को करोड़ों-करोड़ों डॉलर का नुकसान हो सकता है और उनकी क्रेडिब्लिटी पर भी सवाल उठता है।

यूजर्स के लिए इसका असर बहुत सीधा होता है। वाट्सएप मैसेज नहीं जाएगा, UPI पेमेंट अटक सकता है, YouTube नहीं चलेगा, Gmail नहीं खुलेगा। जो लोग ऑनलाइन काम करते हैं, जैसे फ्रीलांसर, यूट्यूबर, ऑनलाइन बिजनेस, उनका काम तुरंत रुक जाएगा। कई बार डेटा एक्सेस भी रुक जाता है, यानी आपने जो फोटो, डॉक्यूमेंट या बैकअप क्लाउड पर रखा है, वह कुछ समय के लिए मिल ही नहीं पाएगा। इकोनॉमी पर इसका असर और बड़ा होता है। आज लगभग हर बिजनेस क्लाउड पर चलता है, बैंकिंग, ई-कॉमर्स, स्टार्टअप्स, मीडिया, यहां तक कि सरकारी सेवाएं भी। अगर डेटा सेंटर डाउन होता है, तो ये सारी सर्विस एक साथ प्रभावित होती हैं। इससे लेन-देन रुक सकता है, शेयर बाजार पर असर पड़ सकता है और कंपनियों का काम ठप हो सकता है। छोटे बिजनेस, जो पूरी तरह WhatsApp या Instagram पर निर्भर हैं, उन्हें तुरंत नुकसान झेलना पड़ता है। एक और बड़ा खतरा है चेन रिएक्शन का। अगर एक डेटा सेंटर बंद होता है, तो लोड दूसरे सेंटर पर जाता है। अगर वहां भी ज्यादा दबाव पड़ गया, तो वह भी स्लो या डाउन हो सकता है। इसी को कैसकेडिंग फेल्योर कहा जाता है, जहां एक समस्या धीरे-धीरे पूरे सिस्टम को डिसरप्ट कर देती है। यही वजह है कि एक जगह हुआ हमला दुनिया भर में असर डाल सकता है।

भारत पर इसका असर और भी बड़ा होगा। यहां करोड़ों लोग WhatsApp, YouTube और Google पर निर्भर हैं। छोटे दुकानदार से लेकर बड़े बिजनेस तक, सबका काम इन प्लेटफॉर्म्स से चलता है। अगर ये सेवाएं कुछ घंटों के लिए भी बंद होती हैं, तो काम रुक सकता है, पैसे का लेन-देन प्रभावित हो सकता है और लोगों का रोजमर्रा का जीवन भी गड़बड़ा सकता है।

## 10 अप्रैल से टोल प्लाजा पर कैश पेमेंट बंद, FASTag या UPI से ही होगा भुगतान

### 72 घंटे में ऑनलाइन भुगतान नहीं करने पर लगेगा जुर्माना




समर न्यूज़ | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल भुगतान को पूरी तरह कैशलेस बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी गजट अधिसूचना के अनुसार, 10 अप्रैल से देशभर के टोल प्लाजा पर नकद भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। अब हर वाहन के लिए FASTag या UPI के माध्यम से भुगतान अनिवार्य होगा।

सरकार के इस फैसले का सीधा असर लाखों वाहन चालकों, निजी वाहन मालिकों, ट्रांसपोर्ट कंपनियों और कमर्शियल ड्राइवरों पर पड़ेगा, जो अब तक टोल पर नकद भुगतान करते थे। अधिसूचना के मुताबिक, यदि किसी वाहन में वैध FAST-ag या UPI सुविधा नहीं है, तो उसे टोल भुगतान के लिए 72 घंटे का समय दिया जाएगा। इस अवधि के भीतर ऑनलाइन भुगतान करना अनिवार्य होगा, अन्यथा जुर्माना लगाया जाएगा।

नियमों के अनुसार, यदि 72 घंटे के भीतर भुगतान नहीं किया गया तो टोल राशि दोगुनी कर दी जाएगी। साथ ही, यह बकाया राशि सड़क मंत्रालय के VAHAN पोर्टल पर दर्ज कर दी जाएगी। यदि 15 दिनों के भीतर भी भुगतान नहीं किया जाता, तो वाहन पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

देशभर के करीब 1150 टोल प्लाजा इस नए नियम के दायरे में आएंगे। सरकार का मानना है कि इस कदम से टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारें कम होंगी और यातायात अधिक सुचारु व तेज होगा।

हालांकि, कुछ यात्रियों ने नेटवर्क की समस्या, निष्क्रिय FASTag और तकनीकी दिक्कतों को लेकर चिंता भी जताई है। इसके बावजूद सरकार का दावा है कि डिजिटल भुगतान प्रणाली से पारदर्शिता बढ़ेगी और टोल कलेक्शन सिस्टम अधिक प्रभावी बनेगा।

## बीकानेर में भारत-पाक सीमा के पास डेनमार्क नागरिक हिरासत में

### बिना अनुमति प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश, जॉइंट इंटरोगेशन सेंटर में पूछताछ

एजेंसी | बीकानेर



राजस्थान के बीकानेर जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक डेनमार्क नागरिक को संदिग्ध परिस्थितियों में हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार 40 वर्षीय विदेशी नागरिक, जिसकी पहचान रेने के रूप में हुई है, बिना अनुमति प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में पकड़ा गया।

यह घटना खाजूवाला क्षेत्र के हॉस्पिटल रोड के पास सामने आई, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा के बेहद करीब और संवेदनशील इलाका माना जाता है। स्थानीय लोगों ने एक विदेशी व्यक्ति को संदिग्ध स्थिति में घूमते देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी, क्योंकि इस क्षेत्र में विदेशी नागरिकों का आना बेहद दुर्लभ है।

सूचना मिलने पर एएसआई किशन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सीमा सुरक्षा बल (BSF) और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी सूचित किया गया। इसके बाद सभी एजेंसियों ने संयुक्त रूप से व्यक्ति से पूछताछ की। हालांकि उसके पास से कोई संदिग्ध सामान बरामद नहीं हुआ। प्रारंभिक पूछताछ में व्यक्ति ने खुद को डेनमार्क का निवासी बताया और कहा कि वह करीब सात महीने पहले एक साल के टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था। पुलिस के अनुसार शुरुआत में वह अंग्रेजी में जवाब दे रहा था, लेकिन बाद में उसने सवालों का जवाब देना बंद कर दिया और थाने में भावुक हो गया। बीकानेर के पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने बताया कि विदेशी नागरिक के पास प्रतिबंधित क्षेत्र में आने की आवश्यक अनुमति नहीं थी, इसलिए उसे हिरासत में लिया गया है। उसे विस्तृत पूछताछ के लिए जॉइंट इंटरोगेशन सेंटर भेजा गया है, जहां उसके पासपोर्ट और अन्य दस्तावेजों की जांच की जा रही है। साथ ही संबंधित दूतावास से भी संपर्क करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि खाजूवाला क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील है, जहां विदेशी नागरिकों के प्रवेश के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य है। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है और आगे की जानकारी पूछताछ के बाद सामने आएगी।

## 'गुलाबी हाथी' विवाद : ट्रेंड्स पर भड़कता गुस्सा

### रोज़ की पशु क्रूरता पर खामोशी क्यों? हाथियों की पीठ पर भारी हौदे और कई लोगों का वजन रीढ़ पर गंभीर असर डालता है

एजेंसी | जयपुर



फोटोग्राफर जूलिया बुरुलेवा के 'गुलाबी हाथी' फोटोशूट ने सोशल मीडिया पर तीखी बहस छेड़ दी। तस्वीरों के वायरल होते ही इसे पशु क्रूरता बताया गया, और हाथी 'चंचल' की मौत की खबर ने विवाद को और संवेदनशील बना दिया। लेकिन यह मामला सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि उस बड़ी सच्चाई को उजागर करता है जहां जानवरों के साथ होने वाली कई क्रूरताएं समाज में सामान्य मानी जाती हैं, जबकि आक्रोश केवल चुनिंदा मामलों पर ही दिखता है।

गौर करने वाली बात यह है कि हाथियों को सजाना और रंगना कई जगहों पर परंपरा का हिस्सा रहा है, और अभी तक यह साबित नहीं हुआ कि हाथी की मौत रंग की वजह से हुई। इसके बावजूद पूरी बहस इसी एक घटना तक सीमित हो गई।

अगर गहराई से देखें तो असली समस्या कहीं बड़ी है। पर्यटन स्थलों पर हाथियों से भारी वजन उठवाना, शादियों में घोड़ों को तेज रोशनी और शोर के बीच खड़ा रखना, ऊंटों से लगातार काम लेना - ये सब रोज़ की हकीकत है, लेकिन इन पर शायद ही कभी कोई बड़ा विरोध होता है।

हाथियों की पीठ पर भारी हौदे और कई लोगों का वजन उनकी रीढ़ पर गंभीर असर डालता है। लंबे समय तक यह दर्द उन्हें शारीरिक रूप से कमजोर और मानसिक रूप से तनावग्रस्त बना देता है। इसी तरह घोड़े, ऊंट, बंदर, सांप और पक्षी भी अलग-अलग रूपों में शोषण का शिकार होते हैं।

इस पूरे विवाद में एक और चिंता की बात यह रही कि जूलिया को सोशल मीडिया पर गालियां और धमकियां दी गईं, जबकि अभी तक स्पष्ट सबूत सामने नहीं आए थे। असली सवाल उन व्यवस्थाओं और संस्थाओं पर उठना चाहिए था जो जानवरों के उपयोग और संरक्षण के लिए जिम्मेदार हैं। विडंबना यह भी है कि जो लोग ऑनलाइन विरोध कर रहे थे, उनमें से कई खुद ऐसे आयोजनों का हिस्सा रहे हैं जहां जानवरों का इस्तेमाल होता है। यानी आक्रोश अक्सर सुविधा के अनुसार सामने आता है।

भारत में पशु संरक्षण के लिए कानून मौजूद हैं, लेकिन उनका पालन कमजोर है। जब तक इन कानूनों को सख्ती से लागू नहीं किया जाएगा और समाज अपनी सोच नहीं बदलेगा, तब तक हालात नहीं बदलेंगे।

असल में 'गुलाबी हाथी' कोई अलग घटना नहीं, बल्कि एक आईना है। यह हमें दिखाता है कि हम जानवरों को कितना संवेदनशील जीव मानते हैं और कितना एक साधन।

आज के दौर में हमारा गुस्सा सोशल मीडिया ट्रेंड्स तय करते हैं। कुछ घटनाएं वायरल होती हैं और हम प्रतिक्रिया देते हैं, जबकि रोज़मर्रा की क्रूरता पर चुप्पी बनी रहती है। जब तक हर तरह की क्रूरता के खिलाफ एक जैसी आवाज नहीं उठेगी, तब तक हमारी संवेदनशीलता अधूरी ही रहेगी।

### Good DAY



समर न्यूज़ | लुधियाना

यह नई सुबह आपके जीवन में उम्मीद और खुशियों की नई रोशनी लेकर आए। हर दिन एक नया मौका होता है, इसलिए आज को सकारात्मक सोच और उत्साह के साथ अपनाएं। बीती बातों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ें और अपने सपनों को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाते रहें। खुद पर भरोसा रखें, लगातार मेहनत करें और मुस्कान बनाए रखें। हर छोटी कोशिश भी आपको मंजिल के करीब ले जाती है।

**डॉ विन्स बांसल**
**गाइनेकोलॉजिस्ट**

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

### भोपाल के फुटबॉल कोच परम आशावर ने अपनी जिंदगी की जमा पूंजी दांव पर लगाई

## बेटियों को नई पहचान देने वाले कोच, 10 लाख के कर्ज से रचा इतिहास

एजेंसी | भोपाल





रायसेन की वंचित बेटियों को फुटबॉल के मैदान में चैंपियन बनाने के लिए भोपाल के कोच परम आशावर ने अपनी जिंदगी की जमा पूंजी दांव पर लगा दी। उनकी मेहनत और जुनून का नतीजा यह रहा कि टीम ने इंडियन विमेंस लीग (IWL) में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओडिशा एफसी जैसी मजबूत टीम को भी मात दे दी।

36 वर्षीय एनआईएस प्रमाणित कोच परम आशावर के लिए बैंक लोन की किस्तों के रिमाइंडर अब आम हो चुके हैं। फिल्म 'चक दे! इंडिया' के कोच कबीर खान की तरह उन्होंने भी सब कुछ दांव पर लगाकर ग्रामीण इलाकों की लड़कियों को आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने करीब 10 लाख रुपये का कर्ज लिया।

उनका यह जोखिम भरा फैसला रंग लाया और टीम ने एलीट इंडियन विमेंस लीग (IWL) के टियर-2 में जगह बनाकर इतिहास रच दिया। डिस्ट्रिक्ट रायसेन फुटबॉल क्लब (DRFC) की यह सफलता सिर्फ खिलाड़ियों की मेहनत नहीं, बल्कि कोच के त्याग और विश्वास की भी मिसाल है।

परम ने अपनी जेब से पैसा लगाकर खिलाड़ियों के लिए ट्रेनिंग किट, यात्रा और कैंप की व्यवस्थाएं कीं। सीमित संसाधनों के बावजूद टीम ने जबरदस्त खेल दिखाया और पिछले महीने हुए IWL क्वालिफायर में शानदार प्रदर्शन किया।

टीम ने अपने पहले ही अभियान में एक जीत और एक ड्रॉ के साथ चार अंक हासिल किए और पूल में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। इस दौरान ओडिशा एफसी के खिलाफ 1-0 की जीत टीम की सबसे बड़ी उपलब्धि रही।

इस मुकाबले में निर्णायक गोल करने वाली फॉरवर्ड खिलाड़ी सोनी मुंडा ने जीत का श्रेय अपने कोच को दिया। अन्य खिलाड़ियों ने भी कहा कि परम उनके लिए कोच ही नहीं, बल्कि असली हीरो हैं, जिनके समर्पण को वे कभी नहीं भूलेंगी।

कोच परम का कहना है कि इन लड़कियों में प्रतिभा की कमी नहीं थी, बस संसाधनों की जरूरत थी। वे उनकी मेहनत को यूं ही बर्बाद नहीं होने देना चाहते थे। उनके मुताबिक, खिलाड़ियों के भविष्य के सामने यह कर्ज बहुत छोटा है।

कर्ज का बोझ होने के बावजूद परम बिल्कुल निश्चिंत हैं। उनका कहना है कि अगर टीम को आगे बढ़ाने के लिए और कर्ज लेना पड़े, तो वे पीछे नहीं हटेंगे। उन्हें भरोसा है कि उनकी टीम एक दिन बड़ा मुकाम हासिल करेगी।

मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन ने इस उपलब्धि को महिला खेलों के लिए अहम कदम बताया है। एआईएफएफ सचिव अमित रंजन देव ने भी इसे प्रेरणादायक कहानी बताते हुए कहा कि यह साबित करता है कि जुनून के आगे पैसों की कमी मायने नहीं रखती।

अब मध्य प्रदेश, जो लंबे समय से फुटबॉल के बड़े राज्यों की छाया में था, एक नई पहचान बनाने की ओर बढ़ रहा है। कोच परम का सपना है कि उनकी टीम एक दिन IWL का खिताब जीतकर राज्य का नाम रोशन करे - और वे इस लक्ष्य के लिए लगातार जुटे रहेंगे।

## नवजोत कौर सिद्धू का नया सियासी दांव

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व पंजाब अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने अब नया दांव खेला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म X पर नई दिल्ली की 9 साल पुरानी भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी का पोस्टर शेयर किया है। कयास लगाया जा रहा कि वह अब इसी पार्टी का झंडा उठाकर पंजाब विधानसभा चुनाव में उतरेंगी। फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हुई कि उन्होंने ये पार्टी जॉइन की है या नहीं।

उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा है कि हमने राष्ट्रीय स्तर पर एक नए विकल्प का काम किया है, जिसमें हमने वर्तमान राजनीतिक नेताओं के प्रदर्शन मानकों का गहराई से अध्ययन और मूल्यांकन किया है। हम केवल अपने देश के लिए अपना जीवन समर्पित करना चाहते हैं और लोगों को वही देना चाहते हैं, जिसके वे वास्तव में हकदार हैं और हमसे अपेक्षा रखते हैं।

# चरखी दादरी में सड़क हादसा, बस-ट्रक टक्कर में 7 घायल

## रानीला रेस्ट एरिया के पास टकराई, कुछ घायलों की हालत गंभीर, पुलिस जांच जारी

समर न्यूज़ | चरखी दादरी



हरियाणा के चरखी दादरी जिले में नेशनल हाईवे-152डी पर मंगलवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया, जहां सवारियों से भरी एक निजी बस ट्रक से टकरा गई। यह दुर्घटना गांव रानीला स्थित रेस्ट एरिया के पास सुबह करीब 6:30 बजे हुई। हादसे में बस में सवार सात यात्री घायल हो गए, जिनमें कुछ को गंभीर चोटें आई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, निजी बस सोमवार रात पंजाब के अमृतसर से राजस्थान के जयपुर के लिए रवाना हुई थी। बस जब चरखी दादरी क्षेत्र में पहुंची तो रानीला रेस्ट एरिया के समीप अचानक सामने चल रहे ट्रक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस में बैठे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग अपनी सीटों से उछलकर घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही बौंद कलां थाना पुलिस और अचिना चौकी की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को तुरंत एंबुलेंस के जरिए दादरी और कलानौर के नागरिक अस्पतालों में भर्ती कराया। घायलों में पंजाब और महाराष्ट्र के यात्री शामिल बताए जा रहे हैं।

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि हादसा तेज रफ्तार या लापरवाही के कारण हुआ हो सकता है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे बाद में सुचारु कर दिया गया।

फिलहाल सभी घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है और उनकी हालत पर नजर रखी जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जेल में हवालाती की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत

समर न्यूज़ | करनाल




जिला जेल में बंद एक हवालाती की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, देर रात उसे सांस लेने में परेशानी हुई, जिसके बाद जेल प्रशासन ने तुरंत उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। इलाज के दौरान चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी।

मृतक की पहचान 66 वर्षीय सुखचैन सिंह पुत्र हजूर सिंह के रूप में हुई है, जो निसिंग थाना क्षेत्र के गांव डाचर का निवासी था। वह 8 अप्रैल 2025 से करनाल जिला जेल में बंद था।

पुलिस के अनुसार, सुखचैन सिंह के खिलाफ नशा तस्करी से जुड़े दो मामले दर्ज थे। पहला मामला 2 जनवरी 2017 को निसिंग थाना में दर्ज हुआ था, जिसमें वह 6 फरवरी 2017 से जमानत पर था। दूसरा मामला 6 अप्रैल 2025 को दर्ज किया गया था, जिसमें उसकी अगली पेशी 10 अप्रैल को निर्धारित थी।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रामनगर थाना के एसएचओ महावीर सिंह ने बताया कि नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

फिलहाल पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। वास्तविक स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# कुरुक्षेत्र मीरी पीरी विवाद : SGPC अध्यक्ष हरजिंद्र सिंह धामी शाहाबाद पहुंचे

## बैठक में अहम फैसले की संभावना

समर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र



शाहाबाद स्थित मीरी पीरी मेडिकल संस्थान को लेकर चल रहे विवाद ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। इसी मामले के सिलसिले में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंद्र सिंह धामी शाहाबाद पहुंचे, जहां उन्होंने सैकड़ों की संख्या में मौजूद संगत के साथ बैठक की।

सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में विवाद को लेकर कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है। इसको लेकर न केवल संगत बल्कि प्रशासन की भी नजरें टिकी हुई हैं। मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे और माहौल में गंभीरता बनी रही।

गौरतलब है कि 20 मार्च को मीरी पीरी संस्थान में उस समय विवाद खड़ा हो गया था, जब अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे कर्मचारियों से मिलने हरियाणा कमेटी के नामित सदस्य बलजीत सिंह दादूवाल अपने समर्थकों और अन्य पदाधिकारियों के साथ पहुंचे थे। इस दौरान संस्थान के प्रबंधन को लेकर दोनों पक्षों के बीच टकराव हो गया था, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई और पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा था। विवाद के दौरान हरियाणा कमेटी के उपाध्यक्ष ने आरोप लगाया था कि उनके साथ मारपीट की गई और उनके कपड़े तक फाड़े गए। उन्होंने दादूवाल के साथ मिलकर पुलिस अधीक्षक को शिकायत भी दी थी। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी शिकायत दर्ज कराते हुए दादूवाल और उनके समर्थकों पर संस्थान पर कब्जा करने के प्रयास का आरोप लगाया था। इस मामले में पुलिस ने दादूवाल पक्ष की शिकायत पर एसजीपीसी के सीनियर मीत प्रधान सरदार रघुजीत सिंह विर्क, बलदेव सिंह कैमपुरिया सहित करीब 20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिससे विवाद और गहरा गया। अब एसजीपीसी द्वारा दादूवाल पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई जा रही है। इसी संदर्भ में अध्यक्ष हरजिंद्र सिंह धामी का शाहाबाद दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि वे प्रशासन को मांग पत्र सौंपेंगे और यदि प्रशासन मौके पर नहीं पहुंचता है तो एसपी कार्यालय का घेराव भी किया जा सकता है।

# बच्ची की हत्या कर मां ने जान देनी चाही

## गुरुग्राम में दिल दहला देने वाली घटना

समर न्यूज़ | गुरुग्राम

सेक्टर-9 थाना क्षेत्र के सूर्य विहार इलाके में एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक महिला ने अपनी ढाई साल की बेटी की कथित तौर पर गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद महिला ने ब्लेड से अपना गला काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। फिलहाल महिला को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, महिला नेहा अपने पति और ढाई साल की बेटी अनिका के साथ सूर्य विहार में रह रही थी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, बच्ची की मौत और महिला के आत्महत्या के प्रयास की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, महिला के होश में आने का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद उससे पूछताछ कर घटना के कारणों का पता लगाया जाएगा। पुलिस ने बताया कि महिला के पति से भी पूछताछ की गई है, लेकिन उसने मामले की जानकारी से अनभिज्ञता जताई है।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और घटना के पीछे के कारणों को स्पष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है।

# MDU में कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

## विवाद की मुख्य वजह रजिस्ट्रार का कथित तौर पर सख्त और नियमों की अनदेखी करने वाला रवैया

समर न्यूज़ | रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (MDU) में रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के खिलाफ नॉन-टीचिंग कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। कर्मचारियों द्वारा शुरू की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते विश्वविद्यालय के प्रशासनिक (एडमिनिस्ट्रेटिव) ब्लॉक में काम पूरी तरह ठप हो गया है, जिसका सीधा असर हजारों छात्रों पर पड़ रहा है। MDU नॉन-टीचिंग स्टाफ एसोसिएशन के प्रधान सुरेश ने बताया कि विवाद की मुख्य वजह रजिस्ट्रार का कथित तौर पर सख्त और नियमों की अनदेखी करने वाला रवैया है। कर्मचारियों का आरोप है कि रजिस्ट्रार ने नियमों के विपरीत जाकर एक सेवानिवृत्त कर्मचारी को अपना OSD नियुक्त किया है, जिससे युवाओं के रोजगार के अवसर प्रभावित हो रहे हैं। एसोसिएशन के अनुसार, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने 4 अप्रैल तक मांगों के समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कर्मचारियों का यह भी कहना है कि जब वे अपनी बात रखने के लिए रजिस्ट्रार से मिलने पहुंचे, तो उन्होंने मिलने से इनकार कर दिया। इसके बाद आक्रोशित कर्मचारियों ने 'रजिस्ट्रार हटाओ, यूनिवर्सिटी बचाओ' के नारे लगाते हुए धरना शुरू कर दिया। हड़ताल के कारण एडम ब्लॉक में प्रशासनिक कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। इससे छात्रों के माइग्रेशन सर्टिफिकेट, फीस संबंधी कार्य और रजिस्ट्रेशन जैसी प्रक्रियाएं रुक गई हैं। आगामी परीक्षाओं को देखते हुए रोल नंबर जारी करने का कार्य भी बाधित हो गया है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो परीक्षाएं भी प्रभावित हो सकती हैं। इसके अलावा, विश्वविद्यालय में होने वाले प्रैक्टिकल भी रोक दिए गए हैं और UMC से जुड़े छात्रों के रिजल्ट में भी देरी की आशंका जताई जा रही है। MDU से संबद्ध रोहतक के अलावा गुरुग्राम, सोनीपत, झज्जर और भिवानी के कॉलेज भी इस हड़ताल से प्रभावित हो सकते हैं। एसोसिएशन प्रधान सुरेश ने कहा कि प्रशासन की अनदेखी के कारण छात्र परेशान हो रहे हैं और यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से हड़ताल खत्म कराने के लिए कोई पहल सामने नहीं आई है।

# फार्म हाउस मालिक की कुल्हाड़ी से हत्या, सहायक पर शक

समर न्यूज़ | गुरुग्राम

गुरुग्राम के सोहना शहर थाना क्षेत्र के हरचंदपुर गांव में एक फॉर्म हाउस मालिक की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई। फॉर्म हाउस के अंदर 35 वर्षीय युवक का शव लहुलुहान अवस्था में मिला, जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान घाटा गांव निवासी राहुल कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि राहुल का हरचंदपुर गांव के पास एक फॉर्म हाउस था, जहां वह अक्सर आता-जाता रहता था। फॉर्म हाउस पर उसने एक सहायक भी रखा हुआ था, जो घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, स्वजन ने उसी सहायक पर हत्या का शक जताया है। परिजनों ने बताया कि राहुल फॉर्म हाउस गया था, लेकिन इसके बाद वह घर नहीं लौटा। जब उनसे फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, तो कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका होने पर परिवार के सदस्य देर रात फॉर्म हाउस पहुंचे, जहां अंदर राहुल का शव पड़ा मिला।

घटना की सूचना मिलते ही सोहना शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और फरार सहायक की तलाश के लिए टीमें गठित की गई हैं। आसपास के लोगों और अन्य संभावित साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# यमुनानगर में कन्हैया मित्तल के बयान पर विवाद

समर न्यूज़ | यमुनानगर



शहर के तेजली रोड आयोजित श्याम एवं श्री बालाजी संकीर्तन कार्यक्रम के दौरान भजन गायक कन्हैया मित्तल के संबोधन में दिए गए कुछ बयानों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे, जहां भजनों के साथ-साथ सामाजिक और धार्मिक विषयों पर भी उन्होंने अपनी बात रखी।

संकीर्तन के दौरान कन्हैया मित्तल ने अपने संबोधन में देश की सुरक्षा और घुसपैठ जैसे मुद्दों का जिक्र करते हुए लोगों से सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि समाज को अपनी परंपराओं और संस्कृति से जुड़े रहना चाहिए। अपने संबोधन में उन्होंने बेटियों को संबोधित करते हुए आत्मरक्षा और जागरूकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मंच से धार्मिक आस्था और परंपराओं को लेकर भी विचार साझा किए और विभिन्न समुदायों के बीच आपसी सम्मान की बात कही। इस दौरान उन्होंने एक सिख श्रद्धालु का मंच पर सम्मान भी किया और सिख समाज के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

संकीर्तन में हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे और भजनों पर झूमते नजर आए। पूरा पंडाल भक्ति और जयकारों से गूंज उठा। कन्हैया मित्तल ने अपने लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति भी दी, जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा। हालांकि, उनके संबोधन के कुछ हिस्सों को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं और यह मामला अब चर्चा का विषय बन गया है।

# मंडी की सड़कों के 15 सैंपल जांच के लिए भेजे गए

समर न्यूज़ | सोनीपत

नई अनाज मंडी में तैयार और निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता को लेकर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, करनाल की क्वालिटी कंट्रोल टीम ने मंडी का औचक निरीक्षण किया और विभिन्न स्थानों से 15 सैंपल एकत्रित कर विस्तृत जांच के लिए मुख्यालय भेज दिए। यदि जांच रिपोर्ट में निर्माण सामग्री मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई, तो संबंधित ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल और उपायुक्त नेहा सिंह ने मंडी का दौरा किया था।

# पलवल के नए एसपी नीतीश अग्रवाल ने कार्यभार संभाला

## आईआईटी मुंबई से बीटेक कर चुके नीतीश अग्रवाल साइबर अपराधों के विशेषज्ञ माने जाते हैं

समर न्यूज़ | पलवल



हरियाणा सरकार द्वारा हाल ही में किए गए पुलिस विभाग के फेरबदल के बाद भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के 2017 बैच के अधिकारी नीतीश अग्रवाल ने पलवल के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। जिला पुलिस मुख्यालय पहुंचने पर डीएसपी (मुख्यालय) साहिल ढिल्लों सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। आईआईटी मुंबई से बीटेक कर चुके नीतीश अग्रवाल साइबर अपराधों के विशेषज्ञ माने जाते हैं और इससे पहले हरियाणा के कई जिलों में एसपी के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। अपने सख्त और प्रभावी कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले अग्रवाल अपराधियों और वांछित बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जाने जाते हैं। पदभार संभालने के बाद एसपी अग्रवाल ने जिले की कानून-व्यवस्था को लेकर अपनी प्राथमिकताएं साझा कीं। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य अपराधियों में डर और आम जनता में विश्वास पैदा करना है। युवाओं को नशे से बचाने के लिए नशे की सप्लाई चेन को तोड़ना और तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि महिला संबंधी अपराधों के मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी पर रोक लगाने के लिए विशेष रणनीति तैयार की जाएगी और जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। एसपी ने बताया कि जिले की सीमाओं पर निगरानी को मजबूत करने के लिए सीसीटीवी नेटवर्क को और सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा सके। इसके अलावा, सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

उन्होंने अवैध शराब, जुआ और सट्टा जैसे गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की बात भी कही। व्यापारियों से रंगदारी और आपराधिक गतिविधियों में शामिल बदमाशों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# धर्मपाल खटाना ने नेशनल बैडमिंटन में जीते दो पदक

समर न्यूज़ | फरीदाबाद



फरीदाबाद के रहने वाले 80 वर्षीय धर्मपाल खटाना ने साबित कर दिया कि जुनून और अनुशासन के आगे उम्र मायने नहीं रखती। उन्होंने गोवा में आयोजित नेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल और युगल दोनों वर्गों में भाग लेकर दो पदक अपने नाम किए। धर्मपाल खटाना ने 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए सिंगल्स में कांस्य पदक और डबल्स में रजत पदक हासिल किया। युगल मुकाबले में उन्होंने अपने साथी सतीश के साथ जोड़ी बनाकर यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता के दौरान उनका प्रदर्शन लगातार प्रभावशाली रहा और उन्होंने अपने खेल से सभी को प्रभावित किया।

जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव संजय सपरा के अनुसार, पूरे टूर्नामेंट में धर्मपाल ने बेहतरीन खेल दिखाया। लीग मुकाबलों में उनका सामना करीब 10 खिलाड़ियों से हुआ, लेकिन किसी भी मैच में उन्होंने थकान या कमजोरी के संकेत नहीं दिए। उनकी ऊर्जा और फिटनेस युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा बन गई।

धर्मपाल खटाना की फिटनेस का राज उनका अनुशासित जीवन और संतुलित खानपान है। वे तली-भुनी चीजों से परहेज करते हैं और नियमित रूप से व्यायाम करते हैं। टेलीकम्युनिकेशन विभाग से उपनिदेशक पद से सेवानिवृत्त धर्मपाल नौकरी के दौरान भी खेलों में सक्रिय रहे और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते रहे।

योजना | आध्यात्म और आधुनिक शिक्षा के संगम पर फोकस, कांगड़ा में आश्रम खोलने की भी योजना

# IIT बाबा अभय पत्नी संग खोलेगा श्रीयूनिवर्सिटी

समर न्यूज़ | झज्जर



महाकुंभ के दौरान अपनी आध्यात्मिक सोच और अलग पहचान के चलते चर्चा में आए आईआईटीयन बाबा अभय सिंह करीब दो साल बाद अपने पैतृक शहर झज्जर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी प्रीतिका भी मौजूद रहीं, जो मूल रूप से कर्नाटक के मैंगलोर की रहने वाली हैं और पेशे से इंजीनियर हैं। झज्जर आगमन पर यह दौरा जहां पारिवारिक मुलाकात का अवसर बना, वहीं उन्होंने अपनी भविष्य की योजनाओं और शिक्षा व समाज को लेकर अपने दृष्टिकोण को भी साझा किया।

अभय सिंह ने बताया कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली केवल रोजगार तक सीमित रह गई है, जबकि जीवन के समग्र विकास पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। इसी सोच के तहत वे अपनी पत्नी प्रीतिका के साथ मिलकर एक नया शिक्षा मॉडल विकसित कर रहे हैं, जिसे 'श्रीयूनिवर्सिटी' नाम दिया गया है। यह मॉडल प्राचीन गुरुकुल परंपरा और आधुनिक शिक्षा प्रणाली का समन्वय होगा, जिसका उद्देश्य युवाओं को न केवल अकादमिक ज्ञान देना बल्कि जीवन प्रबंधन और आध्यात्मिक समझ भी प्रदान करना है।

इस पहल के तहत दोनों ऑनलाइन सेशन के माध्यम से युवाओं और जिज्ञासुओं को मार्गदर्शन दे रहे हैं। उनका लक्ष्य एक ऐसा रिसर्च और लर्निंग सेंटर स्थापित करना है, जहां विद्यार्थी आधुनिक जीवन को आध्यात्मिक संतुलन के साथ जीना सीख सकें।

इसके साथ ही अभय सिंह ने हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में महादेव के समीप एक आश्रम स्थापित करने की योजना भी साझा की। उनका कहना है कि गंजण महादेव के आसपास का क्षेत्र उन्हें विशेष ऊर्जा प्रदान करता है, और वे उसी स्थान को अपने आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित करना चाहते हैं।

झज्जर प्रवास के दौरान उन्होंने अपने पैतृक गांव सासरौली स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान उनकी मां, मौसी और अन्य परिजन भी मौजूद रहे। उन्होंने अपने पिता और वरिष्ठ अधिवक्ता कर्ण सिंह ग्रेवाल के चैंबर में भी मुलाकात की तथा तहसील और बैंक से जुड़े आवश्यक कार्य पूरे किए।

अभय सिंह ने बताया कि कुम्भ के बाद वे साधना और यात्रा में व्यस्त रहे और अब महादेव के आशीर्वाद से अपने जीवन के नए चरण की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि उन्होंने हिमाचल प्रदेश में शिवरात्रि के अवसर पर अपनी पत्नी प्रीतिका के साथ विधिवत और कानूनी रूप से विवाह किया है।

# मृत्यु के बाद लक्ष्मण सिंह पांचाल का नेत्रदान

समर न्यूज़ | सोनीपत



सोनीपत में पांचाल समाज के पूर्व प्रधान लक्ष्मण सिंह पांचाल ने अपने जीवन के साथ-साथ मृत्यु के बाद भी समाज सेवा की मिसाल पेश की। उन्होंने जीवित रहते हुए ही इच्छा जताई थी कि उनके निधन के बाद उनकी आंखें दान कर दी जाएं, ताकि किसी जरूरतमंद नेत्रहीन व्यक्ति के जीवन में रोशनी लाई जा सके।

89 वर्ष की आयु में उनके निधन के बाद परिजनों ने उनकी इस अंतिम इच्छा को पूरा किया। उनकी पत्नी किशनी देवी ने तुरंत दृष्टि सेवा समिति से संपर्क कर नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी करवाई। इस पुनीत कार्य के माध्यम से उन्होंने अपने पति की सोच और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को साकार किया।

परिवार के सदस्य अजय पांचाल ने बताया कि स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह पांचाल लंबे समय तक पांचाल समाज के प्रमुख और प्रभावशाली चेहरों में रहे। उन्होंने करीब 32 वर्षों तक समाज का नेतृत्व करते हुए संगठन को मजबूत बनाने, सामाजिक एकता बढ़ाने और समाज के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। समाज में उनकी पहचान एक जागरूक, समर्पित और कर्मठ सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में थी। उनके निधन से समाज को गहरा आघात पहुंचा है, लेकिन नेत्रदान के इस सराहनीय कदम ने उनके व्यक्तित्व को और भी महान बना दिया। उनकी इस पहल ने यह संदेश दिया है कि इंसान अपने जाने के बाद भी दूसरों के जीवन में उजाला भर सकता है।

# हिमाचल में पेंशनरों का बढ़ता आक्रोश, लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन तेज

## ऊना में वित्तीय मांगों को लेकर सरकार पर साधा निशाना

राकेश | ऊना
समर न्यूज़



हिमाचल प्रदेश के ऊना में हिमाचल पथ परिवहन पेंशन कल्याण संगठन के सदस्यों ने एकत्रित होकर अपनी लंबित वित्तीय मांगों को लेकर जोरदार आवाज उठाई। मासिक बैठक के दौरान सेवानिवृत्त पेंशनरों ने सरकार की नीतियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। बैठक में संगठन के सदस्यों ने बताया कि हर महीने की तरह इस बार भी बैठक आयोजित की गई, जिसमें पेंशन, मेडिकल बिल और अन्य वित्तीय लाभों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि समय पर पेंशन न मिलना और मेडिकल बिलों का भुगतान न होना उनके लिए गंभीर समस्या बन चुका है। कई पेंशनरों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है और कुछ साथियों का निधन भी हो चुका है, जिससे आक्रोश और बढ़ गया है।संगठन के प्रधान किशोरी लाल ने कहा कि लंबे समय से एरियर का भुगतान नहीं किया गया है और पेंशन संशोधन की प्रक्रिया भी बेहद धीमी गति से चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार 16 प्रतिशत महंगाई भत्ता (DA) देने में भी देरी कर रही है, जबकि अन्य आयोजनों और कार्यक्रमों पर खर्च किया जा रहा है। पेंशनरों ने यह भी कहा कि उन्होंने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। उन्होंने सरकार की कथनी और करनी में अंतर बताते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।संगठन ने संकेत दिए कि राज्य स्तर पर जल्द ही एक नई रणनीति तैयार की जाएगी, जिसके तहत बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किए जा सकते हैं।

## हमीरपुर में पेंशनरों का प्रदर्शन तेज करने का ऐलान

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़



हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच की मासिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें पेंशनरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। यह बैठक बस अड्डा परिसर में जिलाध्यक्ष नंद लाल चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजमेर ठाकुर और पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए अजमेर ठाकुर ने बताया कि 30 मार्च 2026 को हिमाचल संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले 18 संगठनों ने अंबेडकर चौक और चौड़ा मैदान में विशाल धरना-प्रदर्शन किया था। इस दौरान हजारों कर्मचारियों और पेंशनरों ने विधानसभा का घेराव कर अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया।

उन्होंने बताया कि प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सुरेश ठाकुर की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाया और जल्द ही संयुक्त समन्वय समिति (JCC) की बैठक आयोजित करने का आश्वासन दिया था।पेंशनरों ने अब सरकार से सवाल किया है कि क्या यह बैठक जल्द बुलाई जाएगी या अन्य वादों की तरह इसे भी टाल दिया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशभर के पेंशनर अपने परिवारों के साथ एकजुट होकर आगामी पंचायत चुनावों का बहिष्कार करेंगे।बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि 30 मार्च का आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण था, लेकिन यदि सरकार ने अब भी उनकी समस्याओं को नजरअंदाज किया तो भविष्य में आंदोलन और अधिक उग्र रूप ले सकता है। पेंशनरों ने दोहराया कि वे अपनी मांगों को लेकर पीछे नहीं हटेंगे और जरूरत पड़ने पर बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## सेब बागवानों को नुकसान, सरकार मुआवजा दे: संदीपनी

समर न्यूज़ | शिमला

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने हिमाचल प्रदेश में हाल ही में हुई ओलावृष्टि से सेब बागवानों को हुए भारी नुकसान को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में प्रदेश के कई क्षेत्रों, विशेषकर शिमला और आसपास के बागवानी क्षेत्रों में ओलावृष्टि से सेब की फसल को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है, लेकिन सरकार अब तक हाथ पर हाथ धरे बैठी है। संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि सेब इस प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और हजारों परिवार अपनी आजीविका इसके माध्यम से चलाते हैं। ऐसे समय में जब बागवानों को तत्काल राहत की आवश्यकता है, कांग्रेस सरकार की निष्क्रियता अत्यंत चिंताजनक है।

"जब किसान संकट में है, तब सरकार मौन है—यह संवेदनहीनता नहीं तो और क्या है?" उन्होंने तंज कसते हुए कहा। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार तुरंत प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सर्वेक्षण अभियान चलाए, ताकि वास्तविक नुकसान का आकलन किया जा सके और



बागवानों को शीघ्र मुआवजा दिया जा सके। संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि कई स्थानों पर सेब की फसल फ्लावरिंग स्टेज में थी, जिस पर ओलावृष्टि का सीधा प्रभाव पड़ा है और आने वाले पूरे सीजन की पैदावार पर संकट मंडरा रहा है। इसके बावजूद सरकार की ओर से न तो कोई ठोस राहत पैकेज घोषित किया गया है और न ही कोई गंभीर पहल दिखाई दे रही है। उन्होंने कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा, "यह सरकार केवल घोषणाओं और दिखावे में व्यस्त है, जबकि जमीन पर किसान बर्बादी झेल रहा है।" अंत में उन्होंने कहा कि भाजपा बागवानों के साथ खड़ी है और यदि सरकार ने शीघ्र राहत और मुआवजे की घोषणा नहीं की, तो भाजपा इस मुद्दे को सड़कों पर उठाएगी और किसानों के हक की लड़ाई लड़ेगी।

# माता चिंतपूर्णी में गूंजे भक्ति के स्वर, मास्टर सलीम ने किया माता रानी का गुणगान

विकास | चिंतपूर्णी
समर न्यूज़



शक्तिपीठ माता चिंतपूर्णी मंदिर में उस समय भक्तिमय माहौल बन गया, जब मशहूर पंजाबी गायक मास्टर सलीम ने दरबार में हाजिरी भरी। उन्होंने माता रानी के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया और विधिवत पूजा-अर्चना में भाग लिया। मंदिर के पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मास्टर सलीम से विशेष पूजा और कन्या पूजन करवाया। वातावरण श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत नजर आया। मास्टर सलीम ने कहा कि माता के दरबार में आकर उन्हें हमेशा मानसिक शांति और नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने देश और दुनिया की खुशहाली के लिए भी माता रानी से प्रार्थना की। दर्शन के बाद उन्होंने मंदिर परिसर में भजन "मेला मैया दा" की कुछ पंक्तियां गुनगुनाईं, जिससे वहां मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। उनकी आवाज में भक्ति का ऐसा रंग घुला कि पूरा माहौल भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भी उनके साथ जयकारे लगाने लगे।गायक के आगमन की खबर मिलते ही मंदिर परिसर में उनके प्रशंसकों की भीड़ जुट गई। मास्टर सलीम ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए विनम्रता दिखाई और भक्तों के साथ "जय माता दी" के जयघोष लगाए।मंदिर प्रशासन की ओर से उन्हें माता की चुनरी और प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि भक्ति का संगम लोगों को एकजुट करने की अद्भुत शक्ति रखता है।

## पहली सांस्कृतिक संध्या में दिखा हिमाचली रंग

सुभाष | बिलासपुर
समर न्यूज़

घुमारवीं में आयोजित राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव 2026 की शुरुआत शानदार सांस्कृतिक संध्या के साथ हुई, जिसमें स्थानीय परंपराओं और लोक संस्कृति की खूबसूरत झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री के. के. कश्यप ने शिरकत की, जबकि नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी अपनी पत्नी सोनिका धर्माणी के साथ विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम गौरव चौधरी ने सभी अतिथियों का पारंपरिक हिमाचली अंदाज में स्वागत किया। उन्हें शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया, जिससे समारोह का माहौल और भी गरिमामय बन गया।

### चंबा में बड़ा हादसा

# निर्माणाधीन पुल गिरा, कई गांवों का संपर्क भी टूटा

मंज़ूर पठान | चंबा
समर न्यूज़



हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में एक गंभीर घटना सामने आई है, जहां भरमौर-होली मार्ग पर बन रहा एक पुल अचानक ढह गया। यह पुल सिन्यूर क्षेत्र को जोड़ने के लिए तैयार किया जा रहा था, लेकिन इसके गिरने से पूरे इलाके की आवाजाही ठप हो गई है। घटना के बाद स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग कई गांवों के लिए मुख्य संपर्क साधन था, ऐसे में पुल के ध्वस्त होने से लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो गया है। खासकर जरूरी सामान की आपूर्ति और आपात सेवाओं तक पहुंच बाधित हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुल का निर्माण कार्य जारी था, तभी अचानक इसका एक हिस्सा भरभराकर गिर गया। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन नुकसान काफी बड़ा माना जा रहा है।स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं और मामले की जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि निर्माण में लापरवाही हुई है तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रशासन और संबंधित विभागों की टीम मौके पर पहुंच चुकी है और स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही वैकल्पिक मार्ग या अस्थायी व्यवस्था बहाल करने की कोशिश की जाएगी, ताकि लोगों को राहत मिल सके।पहाड़ी क्षेत्रों में इस तरह की घटनाएं पहले भी होती रही हैं, जिससे बुनियादी ढांचे की मजबूती पर सवाल उठते हैं।

# महिलाएं सीख रहीं एआई से उत्पाद का प्रचार करना

राहुल | धर्मशाला
समर न्यूज़




जिला कांगड़ा में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से अपने उत्पादों को प्रमोट करना सीख रही हैं। डिजिटल और फाइनेंशियल लिटरेसी में पारंगत बनाने के उद्देश्य से डीआरडीए सभागार में तीन दिवसीय विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन IIT दिल्ली द्वारा किया गया है। आयोजक टीम के प्रतिनिधि पुरारी शर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली महिलाएं एआई की अडवांस तकनीक तो नहीं सीखेंगी, लेकिन बेसिक नॉलेज जरूर प्राप्त करेंगी। उन्हें बताया जाएगा कि कैसे वे एआई टूल्स और एलएलएम (Large Language Models) का इस्तेमाल कर अपने उत्पाद का प्रचार कर सकती हैं। विशेष रूप से यह भी सिखाया जाएगा कि यदि लिखना नहीं आता, तो बोलकर भी कंटेंट क्रिएट किया जा सकता है। प्रोग्राम में 50 महिलाओं के लिए स्लॉट तय किए गए थे, लेकिन इसमें करीब 60 महिलाएं शामिल हुईं, जो इस पहल में उत्साह और सक्रियता को दर्शाता है। प्रशिक्षण को प्रो. सीमा शर्मा और प्रो. गौरव द्विवेदी लीड कर रहे हैं। देश के छह राज्यों में 11 ट्रेनिंग प्रोग्राम सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं, जबकि धर्मशाला में यह 12वां प्रोग्राम है। पुरारी शर्मा ने बताया कि आईआईटी दिल्ली के आकलन में यह पाया गया कि डिजिटल लिटरेसी की कमी के कारण एसएचजी की महिलाएं अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में पिछड़ रही थीं। इस ट्रेनिंग के माध्यम से उन्हें डिजिटल टूल्स का इस्तेमाल कर कारोबार बढ़ाने, आत्मविश्वास और व्यावसायिक दृष्टिकोण विकसित करने की क्षमता दी जा रही है।

ट्रेनिंग में भाग लेने वाली महिलाएं करीब चार महीनों तक आईआईटी दिल्ली के रिसर्चर्स और वैज्ञानिकों से जुड़ी रहेंगी और आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करती रहेंगी। इसके साथ ही उनके लिए एक विशेष गाइड बुक भी तैयार की गई है, जिससे उन्हें अपने व्यवसाय को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बढ़ाने में मदद मिलेगी।

पुरारी शर्मा ने कहा कि इस पहल से न केवल महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि वे अपने उत्पादों को प्रभावी ढंग से प्रचारित कर आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी। यह पहल ग्रामीण महिलाओं के लिए डिजिटल और वित्तीय सशक्तिकरण का एक बड़ा कदम साबित होगी।

## तेजी ने बेटे संग किया भजन का फिल्मांकन

विकास | कांगड़ा
समर न्यूज़

पवित्र शक्तिपीठ माता चिंतपूर्णी मंदिर में हाल ही में भक्ति और संगीत का खास संगम देखने को मिला, जब प्रसिद्ध पंजाबी गायक तेजी संधू अपने नए भजन की शूटिंग के लिए यहां पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उनके बेटे और उभरते कलाकार पुखराज सिंह संधू भी मौजूद रहे।

दोनों ने मंदिर में पहुंचकर माता रानी के चरणों में शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। तेजी संधू ने बताया कि उनका यह दौरा खास तौर पर आगामी 'भेंट' (माता के भजन) की शूटिंग और दर्शन के उद्देश्य से था। उन्होंने मंदिर प्रशासन और सहयोगियों का आभार जताते हुए कहा कि शूटिंग के दौरान उन्हें पूरा सहयोग मिला, जिससे कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सका।

# डीजीपी का सख्त रुख: नशा तस्करों से मिलीभगत पर 16 पुलिस कर्मी बर्खास्त

संजू | शिमला
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने नशे के बढ़ते कारोबार और पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता को लेकर कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि 'खाकी' की गरिमा से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए डीजीपी ने बताया कि विभाग के भीतर मौजूद 'काली भेड़ों' की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जैसे एक परिवार में सभी सदस्य एक जैसे नहीं होते, उसी तरह पुलिस विभाग में भी कुछ लोग ऐसे हैं जो अपनी गलत हरकतों




से पूरी वर्दी को बदनाम कर रहे हैं। अशोक तिवारी ने खुलासा किया कि वर्ष 2026 में अब तक 16 पुलिसकर्मियों को सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है। इन कर्मियों के खिलाफ NDPS एक्ट के तहत मामले दर्ज थे या उन पर नशा तस्करों को संरक्षण देने के गंभीर आरोप थे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष, किसी भी प्रकार की संलिप्तता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई तय है।उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग अब नशे के नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी गंभीरता के साथ काम कर रहा है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वहीं बहुचर्चित चेस्टर हिल मामला पर पूछे गए सवाल के जवाब में डीजीपी ने संयमित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मामला फिलहाल जांच के अधीन है, इसलिए इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित विभाग इस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रहा है और यदि सरकार पुलिस को कोई जिम्मेदारी सौंपती है, तो उसे पूरी निष्ठा से निभाया जाएगा।डीजीपी के इस सख्त रुख से साफ है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अब कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# भगवान मोहल्ला में गिफ्ट आइटम की दुकान जलकर राख, 30 लाख नुकसान

## दूसरी मंजिल पर पहुंची आग की लपटें, घरों वालों ने भागकर बचाई जान

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़



मंगलवार सुबह की नगर निगम मंडी के भगवाहन मोहल्ला वार्ड नंबर 12 में स्थित लेदर पर्स व गिफट आइटम की दुकान में आगजनी की भंयकर घटना सामने आयी है। आगजनी की इस घटना में दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है। जिससे दुकान मालिक का 25-30 का नुकसान हो गया है। आग ही लपटें इतनी भयंकर थी कि घर की उपरी मंजिल पर जा पहुंची और घर में मौजूद लोंगों को छत पर भागकर अपनी जान बचानी पड़ी। मिली जानकारी के अनुसार भगवाहन मोहल्ला निवासी हरीश शर्मा की यह दुकान है और वे स्वयं दुकान का सामान लाने के लिए हिमाचल से बाहर गए हैं। आज सुबह तड़के 5:30 बजे के करीब यह घटना पेश आई। शोर्ट सर्किट आग लगने की मुख्य वजह बताई जा रही है । स्थानीय लोगों की माने तो पोस्ट ऑफिस के पास सड़क पर बेतरतीब खडे वाहनों की वहज से अग्निशमन की गाड़ी समय पर नहीं पहुंच सकी। मौके पर पहुँची नगर निमम डिप्टी मेयर व स्थानीय पार्षद माधूरी कपूर ने बताया कि प्रभावित परिवार का 30 लाख के करीब नुक्सान हो गया है। उधर, शहरी चौकी की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**सलाह** विधानसभा में अगर सुक्खू हमारी बात मानते तो आज कोर्ट में अपमानित नहीं होना पड़ता

# पंचायत चुनाव में अड़ंगा लगाने की सीएम की कोशिश नाकाम: जयराम

समर न्यूज़ | मंडी



माननीय उच्च न्यायालय द्वारा डीसी को आरक्षण रोस्टर में 5% का कोटा देने के फैसले को खारिज करने का स्वागत करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर हर बार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को न्यायालय में मुंह की खानी पड़ रही है, लेकिन वह बार-बार पंचायत चुनाव को किसी न किसी तरह प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। आज माननीय उच्च न्यायालय ने डीसी को आरक्षण रोस्टर में 5% कोटा देने के सरकार के फैसले को खारिज किया और नए सिरे से रोस्टर जारी करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिस दिन सरकार ने यह असंवैधानिक कदम उठाया था, उसी दिन हमने विधानसभा परिसर के अंदर प्रदर्शन कर इसे वापस लेने की मांग की थी, अन्यथा कानूनी लड़ाई लड़ने का ऐलान किया था। मुख्यमंत्री और पूरे सदन को हमने स्पष्ट किया था कि सरकार का यह कदम भारत के संविधान के अनुच्छेद 243(डी) का खुला उल्लंघन है। इसलिए सरकार अपने इस असंवैधानिक फैसले को वापस ले और चुनाव को प्रभावित करने की अपनी मंशा से बाज आए। हमने उसी दिन सरकार के फैसले के पड़ने वाले प्रभाव के बारे में भी सरकार को बताया था, लेकिन मुख्यमंत्री ने पहले दिन से ही पंचायत चुनाव में खलल डालने का संकल्प लिया है। इसलिए वह न तो संविधान विशेषज्ञों की सुनने को तैयार हैं और न ही संविधान की। कांग्रेस की ना तो नीति संवैधानिक है और ना ही नीयत। इसके बाद भी उनके नेता पूरे देश में घूम-घूमकर संविधान की दुहाई देते हैं और जहां मौका मिलता है, सिर्फ संविधान की धज्जियां उड़ाते हैं।

सरकार बार-बार पंचायत चुनाव में अड़ंगा लगाने की कोशिश कर रही है, लेकिन वह कामयाब नहीं हो पा रही है। जब राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव से संबंधित प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया, तो सरकार ने संबंधित अधिकारियों को दुष्प्रेरित किया। हर कदम पर चुनावी प्रक्रिया की तैयारियों में बाधा डाली। आपदा प्रबंधन कानून लगाकर चुनाव टाल दिया। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के जबरदस्ती तबादले कर दिए। तबादला भी राज्य चुनाव आयोग को स्वतंत्र दायित्व वाला सचिव देने के बजाय मुख्यमंत्री कार्यालय से संबंधित सेवा विस्तार प्राप्त अधिकारी देने की कोशिश हुई। यहां भी कोर्ट से फटकार मिली।

चुनाव समय से कराने के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया। वहां भी सरकार ने आपदा का हवाला देते हुए चुनाव कराने में असमर्थता जताई, तो माननीय उच्च न्यायालय ने 30 अप्रैल तक हर हाल में चुनाव कराने के आदेश दिए। वहां से मुंह की खाने के बाद सुक्खू सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जहां बहुत तल्ख़ टिप्पणी के साथ 31 मई तक चुनाव कराने के आदेश दिए गए। साथ ही सुक्खू सरकार से पूछा गया कि यदि सरकार आपदा में भी अपने 3 साल के कार्यकाल का जश्न मना सकती है, तो चुनाव क्यों नहीं करवा सकती। इसके बाद सरकार द्वारा असंवैधानिक रूप से किए जा रहे डीलिमिटेशन और इलेक्टोरल रोल को भी माननीय न्यायालय द्वारा खारिज किया जा चुका है।

# मोहाली में सनसनीः पति ने शोरूम के बाहर पत्नी पर चाकू से किया हमला, CCTV में कैप्चर हुई वारदात

## 6 वार कर गंभीर घायल किया, आरोपी गिरफ्तार; घरेलू विवाद और खर्चे को लेकर था तनाव

समर न्यूज | मोहाली





मोहाली के न्यू चंडीगढ़ इलाके में उस समय सनसनी फैल गई जब एक कपड़ों के शोरूम में काम करने वाली सेल्सगर्ल पर उसके पति ने सरेआम चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे तुरंत इलाज के लिए चंडीगढ़ के सेक्टर-16 अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का CCTV फुटेज भी सामने आया है, जिसमें आरोपी पति वारदात को अंजाम देता हुआ साफ दिखाई दे रहा है।

जानकारी के अनुसार, आरोपी हीरा लाल सुबह करीब 11 बजे ही शोरूम के बाहर पहुंच गया था और पत्नी के आने का इंतजार कर रहा था। जैसे ही उसकी पत्नी प्रियंका (28) ऑटो से वहां पहुंची और नीचे उतरने लगी, आरोपी ने उससे सवाल किया— "क्या चाहती हो?" इस पर प्रियंका ने जवाब दिया— "मैं अपने बच्चे का हक चाहती हूं।" यह सुनते ही आरोपी गुस्से में आ गया और उसने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

बताया जा रहा है कि आरोपी ने प्रियंका की पीठ और कमर के ऊपरी हिस्से पर करीब 6 वार किए, जिससे वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ी। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी हीरा लाल पंचकूला के मनसा देवी इलाके का रहने वाला है और वारदात के बाद उसे मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। मुल्लांपुर थाना पुलिस ने उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 323, 324 और 341 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता के बयान के आधार पर आगे और धाराएं भी जोड़ी जा सकती हैं।

परिवार के अनुसार, प्रियंका और हीरा लाल की शादी करीब आठ साल पहले हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे। आरोपी पर पत्नी के साथ मारपीट करने और नशा करने के आरोप भी हैं। शादी के एक साल बाद उनके बेटे का जन्म हुआ, जो अब करीब सात साल का है और तीसरी कक्षा में पढ़ता है।

करीब पांच साल पहले विवाद इतना बढ़ गया कि प्रियंका अपने मायके लौट आई और वहीं रहने लगी। इसके बाद मामला कोर्ट तक पहुंच गया। कोर्ट ने हीरा लाल को हर महीने पांच हजार रुपये खर्च देने का आदेश दिया था, जिससे वह नाराज रहता था। बताया जा रहा है कि अब तक वह करीब 30 हजार रुपये दे चुका था, लेकिन आगे भुगतान को लेकर टालमटोल करता रहा।

पीड़िता के भाई अनिल ने बताया कि आरोपी पिछले एक हफ्ते से शोरूम के आसपास घूम रहा था और रेकी कर रहा था। परिवार ने उसे पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन वह हर बार फरार हो जाता था।

पुलिस अब मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपी से पूछताछ जारी है।

अधिकारियों का कहना है कि दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# डेराबस्सी की कॉलेज कॉलोनी में मौत का जाल बना भारी-भरकम ट्रांसफार्मर

## प्रशासन की अनदेखी पड़ सकती है भारी

जसबीर सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज



कॉलेज कॉलोनी के मुख्य मोड़ पर लगा बिजली का एक पोल प्रशासन की बड़ी लापरवाही की गवाही दे रहा है। इस पोल की हालत इतनी खस्ता हो चुकी है कि यह बीच से पूरी तरह टूट गया है, लेकिन इसके ऊपर रखा भारी-भरकम ट्रांसफार्मर इसे और भी जानलेवा बना रहा है। टूटे हुए पोल पर लदे इस भारी वजन के कारण यह किसी भी क्षण गिर सकता है। सबसे डराने वाली बात यह है कि यह स्थान कॉलोनी का मुख्य स्कूल बस अड्डा है। सुबह से लेकर दोपहर तक यहां इलाके की तमाम बड़ी और छोटी स्कूल बसें व वैन रुकती हैं। बच्चों को छोड़ने और लेने के लिए उनके माता-पिता भी इसी खंभे के बिल्कुल पास खड़े होकर बसों का इंतजार करते हैं। भारी ट्रांसफार्मर के कारण तारों का खिंचाव और पोल का झुकाव इतना अधिक है कि कभी भी यहां बड़ा हादसा हो सकता है।

स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर भारी रोष है कि जिस जगह पर मासूम बच्चों और उनके अभिभावकों का जमावड़ा रहता है, वहां विभाग इतनी बड़ी लापरवाही कैसे बरत सकता है। बिजली की हाई-वोल्टेज तारों और भारी ट्रांसफार्मर के नीचे खड़े होकर बच्चे हर रोज अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। इस गंभीर मामले को लेकर जब एक्सईएन लालरू से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि यह समस्या उनके संज्ञान में आ चुकी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह जल्द ही संबंधित एसडीओ बिजली बोर्ड को मौके का मुआयना करने के लिए भेज रहे हैं और प्राथमिकता के आधार पर इस समस्या का समाधान जल्द ही कर दिया जाएगा। अब देखना यह होगा कि विभाग किसी हादसे का इंतजार करता है या समय रहते इस टूटे पोल को बदलकर लोगों को राहत देता है।

# जीरकपुर में वी देसी दिवाज रैंप वॉक शोः नारी शक्ति और आत्मनिर्भरता का दिखाया जलवा

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज



होटल क्लियो में आयोजित 'वी देसी दिवाज' रैंप वॉक शो ने महिला सशक्तीकरण का एक मजबूत संदेश दिया। इस कार्यक्रम में, विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं ने आत्मविश्वास, सुंदरता और आधुनिक शैली के साथ मंच पर खुद को प्रस्तुत किया। प्रत्येक रैंप वॉक ने समाज में नारी शक्ति के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के दौरान बैकएंड प्रबंधन, संगीत, मेहमानों का स्वागत और रैंप प्रेजेंटेशन सहित हर पहलू को उचित तरीके से प्रस्तुत किया गया। यह शो केवल फैशन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि महिलाओं की प्रतिभा, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनकर उभरा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक और आधुनिक परिधानों का एक सुंदर मिश्रण देखने को मिला, जिसमें एक मंच पर परंपरा और चलन का मेल था। समाज के सम्मानित मेहमानों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और भी गंभीरता प्रदान की। रैंप वॉक के 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में मनीषा गुलाटी विजेता, मोनिका धनोवा प्रथम रनर-अप और मनीषा जैन द्वितीय रनर-अप रहीं। 31 से 45 साल के एज ग्रुप में शुभ्रा सिंह ने पहली पोजीशन जीती, मोनिका त्यागी फर्स्ट रनर-अप और अधिकारी मंजीत कौर सेकंड रनर-अप रहीं। 18 से 30 साल के एज ग्रुप में अर्शदीप कौर विनर रहीं, सेजल चौहान फर्स्ट रनर-अप और इशिका सिंह सेकंड रनर-अप रहीं। डांस कैटेगरी में सिमरन धीमान फर्स्ट, डॉ. रिया सेकंड और मन्नत शर्मा थर्ड रहीं। प्रोग्राम में एस्ट्रोलॉजर अजय लूथरा, एक्ट्रेस प्रभ ग्रेवाल और अल्मास के MD मणि गोस्वामी स्पेशल गेस्ट के तौर पर मौजूद थे।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, मामला दर्ज

समर न्यूज | मोहाली

फेज-1 थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिग लडक़ी से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, हालांकि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि बलौंगी निवासी अंकित, जो ओम प्रकाश का बेटा है, ने उनकी नाबालिग बेटी को अपने झांसे में लिया। शिकायत के आधार पर थाना फेज-1 पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# एडवोकेट वासु रंजन कांग्रेस में शामिल, राजा वड़िंग ने किया स्वागत

## युवाओं को जोड़ने के लिए चलाएंगे विशेष अभियान और 2027 में सरकार बनाने का लिया लक्ष्य

समर न्यूज | चंडीगढ़



सुप्रीम कोर्ट एवं पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट और काउंसिल ऑफ लॉयर्स के चेयरमैन एडवोकेट एडवोकेट वासु रंजन ने आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का दामन थामा। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं लुधियाना से सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की मौजूदगी में उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान उनका पटका पहनाकर स्वागत किया गया व राजा वडिंग ने कांग्रेस में आस्था जताने पर उनका आभार जताया ।

कांग्रेस में शामिल होने के बाद एडवोकेट एडवोकेट वासु रंजन ने कहा कि वह पूरे पंजाब में कांग्रेस को मजबूत करने का काम करेंगे और घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को लोगों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि वह युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाएंगे और वर्ष 2027 में पंजाब में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे और जल्द कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात कर पंजाब में कांग्रेस को मजबूत करने का शंखनाद करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि वे कांग्रेस की नीतियों, पार्टी के कार्यों तथा देश की एकता और अखंडता के लिए कुर्बानी देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की सोच को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे और राहुल गांधी की देश को जोड़ने व नफ़रत की दुकान बंद करने के लक्ष्य को साकार करना उनका मुख्य लक्ष्य होगा।

एडवोकेट एडवोकेट वासु रंजन लंबे समय से जनहित के मुद्दों को उठाते आ रहे हैं। चाहे शंभू बॉर्डर खोलने का मामला हो, पंजाब सरकार द्वारा एफआईआर डाउनलोड करने पर 80 रुपये शुल्क लगाने का मुद्दा हो या बाढ़ प्रभावित किसानों को मुआवजा न मिलने का विषय इन सभी मामलों में उन्होंने समय-समय पर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इसके अलावा, काउंसिल ऑफ लॉयर्स के माध्यम से वे गरीब और जरूरतमंद लोगों की लगातार मदद करते आ रहे हैं।

इस अवसर पर पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग ने एडवोकेट वासु रंजन द्वारा कांग्रेस में आस्था जताने पर आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके जुड़ने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। एडवोकेट वासु रंजन ने आगे कहा कि आने वाले समय में वह पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे और पूरे पंजाब में संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से काम करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस एक बार फिर पंजाब में मजबूत होकर उभरेगी।

# सुषमा बिल्डर की सोसायटियों में बेसिक सुविधाएं ठप

## लोगों ने विधायक रंधावा से की शिकायत, विधायक ने अधिकारियों से संपर्क करने का आश्वासन दिया

गुरमीत सिंह | ज़ीरकपुर
समर न्यूज



शहर में सुषमा बिल्डर के बनाए अलग-अलग रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स में बेसिक सुविधाओं के संकट के चलते लोगों ने हलके के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा से मिलकर अपनी समस्याएं बताईं।

लोगों ने बताया कि बिल्डर की तरफ से लाखों रुपये के बिजली बिल न दिए जाने की वजह से सुषमा वैलेंसिया, सुषमा जॉइनेस्ट, सुषमा क्रिसेंट समेत कई कमर्शियल और रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स में पिछले कुछ दिनों से बिजली सप्लाई बंद है। इसके साथ ही पानी और लिफ्ट जैसी ज़रूरी सुविधाएं भी प्रभावित हो रही हैं। उनका कहना है कि लोग लगातार अपनी बिजली की फीस जमा कर रहे हैं, लेकिन बिल्डर ने यह रकम पावरकॉम को नहीं दी है। इसकी वजह से अब लोगों को सीधे तौर पर नुकसान उठाना पड़ रहा है।

लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि बिल्डर की हरकतों की वजह से एक व्यक्ति को गंभीर मानसिक तनाव का सामना करना पड़ा, जिसने आत्महत्या कर ली। इस बारे में केस दर्ज होने के बाद बिल्डर फरार बताया जा रहा है। इस मौके पर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से संपर्क करने का आश्वासन दिया और कहा कि निवासियों को जल्द ही राहत दी जाएगी।

# विधानसभा चुनावों को लेकर पहलवान गिल की गांवों में बैठकें तेज

समर न्यूज | मोहाली

2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए हलका मोहाली के समाजसेवी और राजीव गांधी पंचायती राज संगठन (कांग्रेस) के जिला प्रधान पहलवान अमरजीत सिंह गिल ने गांवों में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। आज गिल ने गांव रायपुर, धर्मगढ़ और नगियारी में बैठकें कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर इन मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। गांव धर्मगढ़ के लोगों ने अवैध डंपिंग ग्राउंड की समस्या उठाई, जिससे गांव में स्वास्थ्य संबंधी खतरे बढ़ रहे हैं। गिल ने लोगों से अपील की कि वे आगामी चुनावों में कांग्रेस पार्टी का समर्थन करें। इस दौरान बड़ी संख्या में गांवों के लोग और स्थानीय नेता मौजूद रहे।

# भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर डेराबस्सी में समारोह, वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति

जसबीर सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज



भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन धीमान पम्मा के कार्यालय में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस समारोह का नेतृत्व भाजपा के वरिष्ठ नेता और स्थापना दिवस प्रभारी मनप्रीत सिंह (बन्नी) संधू ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने "राष्ट्र पहले, सेवा ही संगठन और अंत्योदय" के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने की प्रेरणा ली। समारोह के दौरान डेराबस्सी (पुराना हलका बानूर) के पहले मंडल अध्यक्ष रविंदर वैष्णव को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनकी पार्टी के प्रति दीर्घकालिक सेवा को याद करते हुए उनकी प्रशंसा की गई।

इस दौरान अपने संबोधन में मनप्रीत सिंह (बन्नी) संधू ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं है, बल्कि देश सेवा के लिए समर्पित एक बड़ा परिवार है। उन्होंने कहा कि पार्टी के हर कार्यकर्ता को लोगों की सेवा को अपना धर्म समझना चाहिए और आम जनता के हितों के लिए हमेशा आगे आना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास के नए मानक स्थापित कर रहा है और हमें सबको मिलकर "विकसित भारत" के सपने को साकार करना है।

समारोह के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राकेश अचिंत, राकेश मेहता, निरज वर्मा, हरमेश गुप्ता, दविंदर पाल पुंडीर, अमित कुमार, दिनेश वैश्नव, गिरीजा शंकर शर्मा, गुलशन गोयल, नरिंदर मोहन शर्मा, सुमीत शर्मा, मोनिता वशिष्ठ, सीमा पाल, रजना शर्मा, शिल्पा सेठी, डिंपल गर्ग, सुरेश शर्मा, सुनीता, हैप्पी कोसल, मनीष धीमान आदि उपस्थित थे।

# जसनूर सिंह ने CDS में प्राप्त किया ऑल-इंडिया टॉप रैंक, सुखराज सिंह हीरा ने हासिल किया चौथा

## महाराजा रणजीत सिंह प्रैपरेटरी इंस्टीट्यूट के कैडेटों की उपलब्धियों पर गर्व

समर न्यूज | चंडीगढ़



जसनूर सिंह



सुखराज सिंह हीरा

पंजाब ने रक्षा बलों की तैयारी में अपनी बढ़ती ताकत का प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर गौरव हासिल किया है। महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेस प्रैपरेटरी इंस्टीट्यूट के 10वें कोर्स के कैडेट जसनूर सिंह ने संयुक्त रक्षा सेवाओं (CDS) एयर फोर्स सूची में पूरे भारत में शीर्ष रैंक प्राप्त किया।

पठानकोट के एक व्यवसायी के पुत्र जसनूर सिंह अब हैदराबाद स्थित एयर फोर्स अकादमी में प्री-फ्लाइंग प्रशिक्षण के लिए जाएंगे। इस उपलब्धि के साथ संस्थान ने देशभर में पांचवीं बार शीर्ष रैंक हासिल की है और पिछले दो सालों में यह तीसरा सम्मान है। इसी संस्थान के सुखराज सिंह हीरा (रोपड़) ने ऑल इंडिया में चौथा स्थान प्राप्त किया और वे जून 2026 में शुरू होने वाले 161वें कोर्स के लिए इंडियन मिलिट्री अकादमी (आईएमए), देहरादून में शामिल होंगे। पंजाब के रोजगार, कौशल विकास और प्रशिक्षण मंत्री अमन अरोड़ा ने दोनों कैडेटों को बधाई देते हुए कहा कि यह भारतीय रक्षा बलों के भविष्य के अधिकारियों के रूप में उनके सफर की शुरुआत है। उन्होंने जसनूर और सुखराज को समर्पण और गंभीरता के साथ प्रशिक्षण पूरा करने की शुभकामनाएं दी। संस्थान के निदेशक मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) अजय एच. चौहान, VSM ने भी दोनों कैडेटों को बधाई दी और कहा कि वे संस्थान और पंजाब का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए-156 कोर्स की मेरिट सूची का इंतजार है, जिससे हमें और शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है।

उद्घाटन

पार्षद नवतेज नवी के प्रयासों से सार्वजनिक शौचालयों का उद्घाटन

# जीरकपुर के वार्ड नंबर 30 के निवासियों को मिली बड़ी सुविधा

गुरमीत सिंह | ज़ीरकपुर
समर न्यूज




पार्षद नवतेज नवी सार्वजनिक शौचालयों का उद्घाटन करते हुए। - समर न्यूज

नगर काउंसिल ज़ीरकपुर के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 30 में विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए पार्षद नवतेज नवी धीमान के प्रयासों से आज वार्ड में नए बने सार्वजनिक शौचालयों (महिला एवं पुरुष) का उद्घाटन नगर काउंसिल के प्रधान उदेवीर सिंह ढिल्लों द्वारा किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रधान उदेवीर सिंह ढिल्लों ने बताया कि वार्ड नंबर 30, खासकर न्यू डिफेंस कॉलोनी के निवासियों के लिए सार्वजनिक शौचालयों की कमी एक बड़ी समस्या थी। इसमें सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को होती थी, जिन्हें आसपास कोई सुविधा उपलब्ध न होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

उन्होंने कहा कि इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वार्ड में आधुनिक सुविधाओं से युक्त ये शौचालय बनवाए गए हैं। ज़ीरकपुर के कुल 31 वार्डों में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि वार्ड नंबर 30 में महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए अलग-अलग, साफ-सुथरे शौचालय जनता को समर्पित किए गए हैं। यह कदम स्वच्छता और लोगों की बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया है।

इस मौके पर नवतेज नवी ने सरदार दीपइंदर सिंह ढिल्लों और उदेवीर सिंह ढिल्लों का विशेष धन्यवाद किया, जिनके सहयोग से यह परियोजना पूरी हो सकी। उन्होंने न्यू डिफेंस कॉलोनी और पूरे वार्ड के निवासियों का भी आभार व्यक्त किया।

उद्घाटन के दौरान वार्ड के निवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने काउंसलर की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वार्ड निवासी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# CSK के लिए खेल सकता था, पर मानसिक रूप से टूटा

## अश्विन का छलका दर्द, संन्यास के पीछे की वजह आई सामने

एजेंसी। बेंगलुरु

टीम इंडिया के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए और खेल सकते थे, लेकिन उन्होंने संन्यास लेने का फैसला इसलिए किया क्योंकि उनके पास आगे खेलने की "इच्छा" नहीं बची था। अश्विन ने पिछले साल अगस्त में आईपीएल क्रिकेट से संन्यास लिया था। उन्होंने आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स के खराब प्रदर्शन को याद करते हुए कहा कि वह उस सीजन के बारे में ज्यादा बात नहीं करना चाहते, क्योंकि वह उनके लिए मानसिक रूप से काफी परेशान करने वाला दौर था। पांच बार की चैंपियन सीएसके आईपीएल 2025 में आखिरी स्थान पर रही थी और आईपीएल 2026 में भी टीम अपने शुरुआती तीनों मुकाबले हार चुकी है। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल



'ऐश की बात' पर कहा, "मैं मैच को एक न्यूट्रल नजरिए से देख रहा हूं, लेकिन याद रखिए कि मैंने हाल ही में सीएसके के साथ एक निराशाजनक सीजन बिताया है। यह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भी काफी निराशाजनक सीजन था। सच कहूं तो मेरे मन में था कि मैं और खेल सकता था, लेकिन भावनात्मक रूप से मेरे पास खेलने का बैंडविड्थ नहीं बचा था।" उन्होंने आगे कहा, मैं उस दौर में वापस नहीं जाना चाहता, क्योंकि वह मानसिक रूप से परेशान करने वाला था। यह मेरे लिए बहुत दर्दनाक था।

मैं वहां नहीं जाना चाहता। हमने थोड़ी चर्चा की, फिर मैंने कहा कि मैंने चेन्नई से शुरुआत की थी और अपने होमटाउन में ही खत्म कर रहा हूं, यह ठीक है। मैंने खुद संन्यास लेने का फैसला किया ताकि मैनेजमेंट के सामने मुझे रिटेन करने या रिलीज करने का सिरदर्द न हो। अगर मैं चला जाता हूं तो उनके 10 करोड़ रुपये भी बच जाएंगे। मैं अब भी निराश हूं। मुझे उम्मीदें थीं, मुझे भरोसा था।" सीएसके ने 2025 की नीलामी में कार्तिक शर्मा और प्रशांत वीर पर 14.2-14.2 करोड़ रुपये खर्च किए थे। अश्विन का मानना है कि टीम के युवा खिलाड़ियों को बेहतर बनने के लिए ज्यादा समय देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, इन युवा खिलाड़ियों को अच्छी प्रैक्टिस देनी होगी, उन्हें तीव्रता देनी होगी, उन्हें सही माहौल देना होगा। अब सवाल यह है कि वे यह सब कैसे करेंगे? रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ रविवार को मिली हार पर बात करते हुए अश्विन ने कहा कि उन्होंने जीत के लिए आरसीबी का समर्थन किया था, लेकिन उन्हें उम्मीद थी कि सीएसके पिछली हार से सीखते हुए बेहतर प्रदर्शन करेगी।

# 4 मुकाबलों की सीरीज खेलने अर्जेंटीना जाएगी भारतीय महिला हॉकी

समर न्यूज़ । नई दिल्ली

भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम चार मुकाबलों की सीरीज में हिस्सा लेने के लिए अर्जेंटीना के दौरे पर जाएगी। यह सीरीज 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सेनार्ड में खेली जाएगी। इस सीरीज को विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से अहम बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि भारत-अर्जेंटीना के बीच होने वाली यह सीरीज काफी रोमांचक हो सकती है। सीरीज का पहला मुकाबला 13, दूसरा मैच 14, तीसरा मैच 16 और अंतिम मुकाबला 17 अप्रैल को खेला जाना है।

यह दौरा बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 और एशियाई खेलों से पहले भारत की तैयारियों के लिहाज से काफी अहम समझा जा रहा है। हाल के वर्षों में भारत और अर्जेंटीना के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली है और दोनों टीमों के बीच कई शानदार मुकाबले देखने को मिले हैं, जिसमें पिछले साल जून में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 में शूटआउट से तय हुआ 2-2 का रोमांचक ड्रॉ भी शामिल है।

# आवेश की हरकत पर भड़की सनराइजर्स हैदराबाद, BCCI से करेगी शिकायत

एजेंसी । हैदराबाद

इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में पांच विकेट से जीत हासिल की थी। रविवार को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले के बाद एक नया विवाद खड़ा हो गया। इस मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज आवेश खान की एक हरकत ने सोशल मीडिया और क्रिकेट जगत में बहस छेड़ दी है। दरअसल, मैच के आखिरी ओवर में जब लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने जयदेव उनादकट की गेंद पर चौका जड़ा, उसी दौरान डगआउट के पास खड़े आवेश खान ने बल्ले से गेंद को वापस मैदान में मार दिया। विवाद इस बात को लेकर हुआ कि गेंद बाउंड्री लाइन पार कर चुकी थी या नहीं। सोशल मीडिया पर कुछ फैन्स ने दावा किया कि अगर गेंद बाउंड्री पार नहीं हुई थी, तो यह 'अनफेयर प्ले' के तहत आता है और सनराइजर्स हैदराबाद को पांच पेनल्टी रन मिलने चाहिए थे। हालांकि, नियमों के जानकारों के



मुताबिक इस मामले में ऐसा कोई उल्लंघन नहीं माना जा सकता, क्योंकि गेंद को रोकने के लिए कोई फील्डर पास में मौजूद नहीं था। मैच की स्थिति भी अहम थी, क्योंकि उस समय लखनऊ सुपर जायंट्स को जीत के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी और स्कोर बराबरी पर था। ऐसे में अंपायरों ने इस घटना को मैच के नतीजे पर असर डालने वाला नहीं माना।

सनराइजर्स हैदराबाद इस पूरे वाकये से पूरी तरह नाराज है क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक फ्रेंचाइजी इस मामले को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) से शिकायत करेगी। यह पहला मौका नहीं है जब सनराइजर्स हैदराबाद ने अंपायरिंग निर्णयों पर नाराजगी जताई हो। इससे पहले भी सनराइजर्स हैदराबाद हेनरिक क्लासेन (RCB के खिलाफ) और अभिषेक शर्मा (KKR के खिलाफ) को आउट करार दिए जाने पर नाराजगी जता चुकी है। हालांकि इन फैसलों को पलटना संभव नहीं है, लेकिन लगातार उठ रहे सवाल आईपीएल में अंपायरिंग और नियमों की पारदर्शिता पर नई बहस जरूर छेड़ रहे हैं। यह देखना अहम होगा कि इस मामले में कोई कार्रवाई होती है या नहीं, लेकिन इतना तय है कि लखनऊ सुपर जायंट्स की इस जीत के साथ जुड़ा यह विवाद अभी थमने वाला नहीं है।

# बारिश की भेंट चढ़ा KKR-पंजाब का मैच

समर न्यूज़ । कोलकाता

आईपीएल का 12वां मुकाबला बारिश के चलते रद्द कर दिया गया। ईडन गार्डन्स में केकेआर और पंजाब के बीच मुकाबला केवल 22 गेंदों तक चला और फिर बारिश के चलते ये मैच रद्द करना पड़ा।

आईपीएल 2026 का 12वां मुकाबला सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला जाना था। लेकिन ये मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया और इसे रद्द करना पड़ा। इसके चलते दोनों टीमों में एक-एक अंक शेयर किए गए। ये मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर था। जहां टॉस जीतकर केकेआर ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था। लेकिन केवल 3.4 ओवर का ही खेल हो सका और फिर बारिश आ गई। रात करीब 10.30 पर बारिश



थमी लेकिन मैदान गीला होने के चलते अंपायर्स ने इसे रद्द करने का फैसला लिया।

मैच रद्द होने से केकेआर की अंक तालिका में अब एक अंक जुड़ गए हैं। क्योंकि इस मैच से पहले केकेआर को अपनी पहली जीत की तलाश थी। क्योंकि शुरुआती दोनों मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, पंजाब किंग्स की टीम ने अपने दोनों शुरुआती मैच जीते थे और अब उसके खाते में 5 अंक हो गए है। अब पंजाब अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गई है। पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी केकेआर की शुरुआत बेहद खराब रही। दूसरे ही ओवर में फिन एलन का विकेट गिर गया। एलन के बल्ले से केवल 8 रन आए। इसके बाद कैमरून ग्रीन भी 4 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद रहाणे और अंगकृष ने पारी को संभालने की कोशिश जरूर की।

# PSL से IPL को पछाड़ने का सपना देख रहे नकवी

एजेंसी । इस्लामाबाद

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) को लेकर बड़ा बयान दिया है। मोहसिन नकवी ने दावा किया कि पीएसएल तेजी से आगे बढ़ रही है और आने वाले समय में इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) को पछाड़कर दुनिया की नंबर-1 फ्रेंचाइजी लीग बनेगी। पीसीबी बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक में बोलते हुए मोहसिन नकवी ने कहा कि पाकिस्तान सुपर लीग अब निवेश के लिहाज से एक बड़ा और आकर्षक मार्केट बन चुका है। उन्होंने कहा, 'पीएसएल अब निवेश के लिए सबसे बेहतरीन मार्केट बन चुकी है। वो दिन दूर नहीं जब पीएसएल दुनिया की नंबर-1 लीग होगी।' मोहसिन



नकवी का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पाकिस्तान सुपर लीग का 11वां सीजन सीमित संसाधनों के साथ खेला जा रहा है। मौजूदा हालात में टूर्नामेंट सिर्फ दो वेन्यू पर बिना दर्शकों के आयोजित हो रहा है, जबकि दूसरी ओर आईपीएल बिना किसी रुकावट के कई शहरों में खेला जा रहा है। हालांकि, आंकड़े पाकिस्तान सुपर लीग और आईपीएल के बीच बड़े अंतर को साफ दिखाते हैं।

आईपीएल के मीडिया राइट्स की वैल्यू करीब 6 बिलियन अमेरिकी डॉलर आंकी जाती है, जबकि पाकिस्तान सुपर लीग के मीडिया राइट्स लगभग 93 मिलियन डॉलर के आसपास हैं। इसके अलावा आईपीएल की सालाना कमाई 1 बिलियन डॉलर से ज्यादा है।

जबकि पीएसएल करीब 60 मिलियन डॉलर का रेवेन्यू जनरेट करती है।

हाल ही में जारी वर्ल्ड क्रिकेटर्स एसोसिएशन (WCA) की रैंकिंग में भी दोनों लीग्स के बीच अंतर नजर आया। इस रैंकिंह में पाकिस्तान सुपर लीग 48 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है, जबकि आईपीएल 62.2 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर मौजूद है। रैंकिंग में द हंड्रेड और SA20 लीग आईपीएल से ऊपर हैं। पाकिस्तान सुपर लीग के मौजूदा सीजन में विवाद भी देखने को मिले हैं।

फखर जमां को बॉल टेम्परिंग के मामले में दो मैचों के लिए सस्पेंड किया गया। वहीं शाहीन शाह आफरीदी और सिकंदर रजा को होटल में अनधिकृत मेहमान लाने के कारण दंडित किया गया। फिलहाल, मोहसिन नकवी के इस बयान ने क्रिकेट जगत में नई चर्चा को जन्म दिया है।

जहां एक तरफ पाकिस्तान सुपर लीग के भविष्य को लेकर बड़ा दावा किया गया है। वहीं मौजूदा आंकड़े और हालात IPL की मजबूत स्थिति को साफ तौर पर दर्शाते हैं।

# फ़ीडे कैंडिडेट शतरंज का आधा पड़ाव पार : पुरुष वर्ग में सिंदारोव आगे

## महिला वर्ग में दिव्या वैशाली के पास है मौका

एजेंसी। साइप्रस

फ़ीडे कैंडिडेट शतरंज में सातवें राउंड के बाद पुरुष वर्ग में उज़्बेकिस्तान के 20 वर्षीय जावोखीर सिंदारोव 6 अंक बनाकर सबसे आगे चल रहे है, उनका प्रदर्शन इतना शानदार रहा है कि दूसरे स्थान पर चल रहे यूएसए के फैबियानो कारुआना उनसे 1.5 अंक पीछे 4.5 पर तो तीसरे स्थान पर काबिज भारत के आर प्रज्ञानन्दा और नीदरलैंड के अनीश गिरी उनसे 2.5 अंक पीछे 3.5 अंकों पर खेल रहे है। अब देखना यह है की जब दूसरे पड़ाव में बचे हुए सात राउंड में यह सभी खिलाड़ी सिंदारोव के ख़िलाफ़ कैसा प्रदर्शन करते है और



क्या विश्व कप से लगातार जारी सिंदारोव के विजय रथ पर अब कोई रोक लगा पाएगा। विश्राम के पहले 7वें राउंड में चीन के वे यी नें रूस के आंद्रे एसिपेंको को मात देकर अपनी पहली जीत दर्ज की जबकि अन्य बाज़ियों में प्रज्ञानन्दा नें यूएसए के कारुआना से यूएसए के नाकामुरा नें जर्मनी के मैथियास ब्लूबम से और अनीश गिरी नें सिंदारोव से ड्रा खेला। महिला वर्ग में फ़िलहाल कोनेरू हंपी के हटने से अंतिम समय में शामिल हुई यूक्रेन की अन्ना मुज़्यचुक 4.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रही है हालांकि लगातार दो जीत के दम पर भारत की आर वैशाली 4 अंक बनाकर दूसरे तो दिव्या देशमुख एक जीत और एक ड्रा खेलने के बाद 3.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुँच गई है।

# एशियाई मुक्केबाजी में ओलंपिक विजेता को हराकर फाइनल में प्रीति

एजेंसी । उलानबटोर (मंगोलिया)

उदीयमान भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार ने पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कोरिया की ऐजी इम को हराकर एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन हारकर बाहर हो गई । प्रिया और अरूंधति चौधरी ने भी अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीते।

विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता पूजा रानी और अंकुशिता बोरो को सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति



ने तीन दौर के मुकाबले में इम को 5-0 से हराया। अब फाइनल में उनका सामना तीन बार की विश्व चैम्पियन (2019, 2023, 2025) और तोक्यो ओलंपिक 2020 की कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपै की हुआंग सियाओ वेन से होगा।

महिलाओं के 60 किलोवर्ग में प्रिया ने स्थानीय मुक्केबाज नामून मोंखोर को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना उत्तर कोरिया की उन जियोंग वोन से होगा। अरूंधति ने उजबेकिस्तान की ओइशा तोइरोवा को 70 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में 4.1 से हराया। अब उनका सामना कजाखस्तान की बेकित सेइदिश से होगा।

दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत को ओलंपिक पदक विजेता चीन की वू यू ने 51 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में 5-0 से मात दी। निकहत की इस मुक्केबाज के खिलाफ यह दूसरी हार है।

तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना को 75 किलोवर्ग में विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता उजबेकिस्तान की अजीजा जोकिरोवा ने 5-0 से मात दी।

# भारतीय फाइटर ने अर्जेंटीना में रचा इतिहास, 1 मिनट 45 सेकंड में जीती MMA फाइट

एजेंसी । ब्यूनस आयर्स

भारत के MMA फाइटर संग्राम सिंह ने ब्यूनस आयर्स में इतिहास रच दिया। वह अर्जेंटीना की धरती पर MMA फाइट जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। उन्होंने फ्रांस के फाइटर फ्लोरियन कौडियर को हराकर यह उपलब्धि हासिल की।

**1 मिनट 45 सेकंड में जीती फाइट**

यह मुकाबला ब्यूनस आयर्स के टाइग्रे स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में खेला गया, जहां संग्राम सिंह ने 16 साल छोटे फ्लोरियन को सिर्फ 1 मिनट 45 सेकंड में हराया। इस जीत में उनकी रेसलिंग तकनीक ने अहम भूमिका निभाई।

**MMA में लगातार तीसरी जीत**

संग्राम सिंह की यह लगातार तीसरी MMA जीत है। इससे पहले उन्होंने जॉर्जिया के त्बिलिसी और नीदरलैंड्स के एम्स्टर्डम में भी फाइट जीती थी। वह कॉमनवेल्थ हेवीवेट चैंपियन भी रह चुके हैं।




**जीत के बाद संग्राम सिंह का बयान**

जीत के बाद संग्राम सिंह ने कहा, 'मेरे लिए जीत या हार मायने नहीं रखती, मैं या तो जीतता हूं या सीखता हूं। मैं हमेशा कहता हूं कि जुनून की कोई उम्र नहीं होती। मेरा सपना था कि मैं अर्जेंटीना में जीतने वाला पहला भारतीय बनूं और आज मेरा सपना पूरा हो गया।'

**कोच को दिया जीत का श्रेय**

संग्राम सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच को दिया। उन्होंने कहा, 'मैं अपने कोच भूपेश का धन्यवाद करता हूं, जो पिछले 25 साल से मेरे साथ हैं। उन्होंने मेरी सफलता के लिए दिन-रात मेहनत की।'

**रेसलिंग तकनीक से जीता मैच**

संग्राम ने फाइट के दौरान फ्लोरियन की किक पकड़कर उन्हें गिराया और फिर रेसलिंग तकनीक का इस्तेमाल करते हुए चोक लगाकर मैच अपने नाम कर लिया। रेफरी के तीन बार पूछने के बाद फ्लोरियन ने हार मान ली।

लताड़

## फैन्स ने KKR को जमकर लताड़ा

# फिर से फ्लॉप ही रहे 25 करोड़ी कैमरून ग्रीन

समर न्यूज़ । कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन एक बार फिर बल्ले से फ्लॉप रहे। सोमवार को ईडन गार्डन्स में पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए IPL 2026 मुकाबले में ग्रीन सिर्फ दो गेंद टिक सके। जेवियर बार्टलेट की गेंद पर चौका लगाकर उन्होंने खाता खोला, लेकिन अगली ही गेंद पर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। इसके साथ ही उनकी एक और छोटी पारी खत्म हो गई।

ग्रीन के आउट होते ही सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। कई फैंस ने उनकी खराब फॉर्म और 25.20 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर सवाल उठाए। यूजर्स का कहना था कि ग्रीन ने अब तक अपनी कीमत के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया है और लगातार निराश किया है।



फैंस का एक बड़ा वर्ग उनके मौजूदा रोल को भी सवालों के घेरे में रख रहा है। चूंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक उन्हें गेंदबाजी की मंजूरी नहीं दी है, ऐसे में वह केवल बल्लेबाज के तौर पर खेल रहे हैं। कई लोगों का मानना है कि सिर्फ बल्लेबाज के रूप में उनकी कीमत को सही ठहराना मुश्किल है। सोशल मीडिया पर "प्राइस और परफॉर्मेंस मैच नहीं कर रहे" जैसी बातें लगातार देखने को मिलीं। कुछ फैंस ने टीम संयोजन में बदलाव की भी मांग की। टिम सीफर्ट जैसे खिलाड़ियों को मौका देने और बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करने की सलाह दी गई। कई लोगों का मानना है कि KKR को टॉप ऑर्डर में ज्यादा आक्रामक विकल्पों पर विचार करना चाहिए।

KKR के लिए यह दबाव और बढ़ गया है क्योंकि टीम का सीजन खराब शुरुआत के साथ आगे बढ़ रहा है। टीम पहले ही मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार झेल चुकी है। वहीं, सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती की गैरमौजूदगी ने टीम की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। हालांकि, कुछ फैंस ने ग्रीन का समर्थन भी किया। उनका कहना है कि ग्रीन में काफी क्षमता है और अगर उन्हें सही रोल में इस्तेमाल किया जाए तो वह टीम के लिए बड़ा योगदान दे सकते हैं। इस मुकाबले में KKR के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। टीम में दो बदलाव किए गए थे, जहां रोवमैन पॉवेल और नवदीप सैनी को सुनील नरेन और चोटिल वरुण चक्रवर्ती की जगह मौका मिला। अब लगातार खराब नतीजों और प्रमुख खिलाड़ियों पर बढ़ते सवालों के बीच KKR और कैमरून ग्रीन दोनों पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

## 200 पुलिसकर्मियों की टीम ने 4 इलाकों में की सर्च कार्रवाई

# सीपी स्वप्न शर्मा के नेतृत्व में लुधियाना पुलिस का बड़ा CASO ऑपरेशन

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज





शहर से नशे की समस्या को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से लुधियाना पुलिस ने कई संवेदनशील इलाकों में बड़े स्तर पर कार्डन एंड सर्च ऑपरेशन (CASO) चलाया। यह कार्रवाई पंजाब सरकार की मुहिम के तहत की गई, जिसमें हिम्मत सिंह नगर, डॉ. अंबेडकर नगर, मनोहर नगर और जवाहर नगर जैसे हाई-सेंसिटिव क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। करीब 200 पुलिस कर्मियों की विशेष टास्क फोर्स ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, जिसकी अगुवाई डीसीपी (इन्वेस्टिगेशन) ने की, जबकि एडीसीपी और एसीपी रैंक के 9 गजेटेड अधिकारियों की निगरानी में विभिन्न जोनों के 16 एसएचओ, क्राइम विंग और फील्ड फोर्स ने भी सहयोग किया। कार्रवाई को प्रभावी बनाने के लिए सुबह 5 बजे सभी एंट्री-एग्जिट पॉइंट्स पर नाकाबंदी की गई, जबकि सुबह 6 से 10 बजे तक खुफिया जानकारी के आधार पर संदिग्ध घरों और ठिकानों की गहन तलाशी ली गई। ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया और 159 ग्राम हेरोइन, 2 किलो गांजा, 72 बोतलें शराब, 75 नशीली गोलियां, 1 लाख 37 हजार रुपये की ड्रग मनी और एक एक्टिवा स्कूटर बरामद किया। इसके अलावा 4 अन्य संदिग्धों के खिलाफ भी निवारक कार्रवाई की गई। पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा ने कहा कि विभाग की "जीरो टॉलरेंस" नीति के तहत नशे की सप्लाई चेन को तोड़ना और नागरिकों के लिए सुरक्षित माहौल बनाना प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे 'कासो' ऑपरेशन केवल कानून लागू करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह सख्त संदेश देते हैं कि लुधियाना में गैर-कानूनी गतिविधियों के लिए कोई जगह नहीं है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी अधिकृत हेल्पलाइन के माध्यम से साझा करें, ताकि नशा मुक्त समाज बनाने के प्रयासों को और मजबूती मिल सके।

## महिला की संदिग्ध मौत, जहरीला पदार्थ निगलने का मामला

समर न्यूज | लुधियाना

लुधियाना के थाना लाडोवाल क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार महिला ने एक व्यक्ति के साथ मिलकर जहरीला पदार्थ निगल लिया था, जिसके बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक 22 वर्षीय निभा, निवासी भोलेवाल की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसके साथ मौजूद ओम प्रकाश नामक व्यक्ति की जान बच गई। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम संबंधों से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। जांच अधिकारी एएसआई मेजर सिंह ने बताया कि मृतका का अपने पति से पहले ही तलाक हो चुका था और उसकी एक तीन साल की बेटी भी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गोबर फेंकने वालों पर गिरेगी गाज, डेयरियों के बिजली कनेक्शन काटने के आदेश

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज



बुड्ढा दरिया को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रशासन ने अब सख्त रुख अपना लिया है। मंगलवार को हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि दरिया में गोबर या अन्य कचरा डालने वाले डेयरी संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर उनके बिजली कनेक्शन भी काट दिए जाएंगे। बैठक में राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल, मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर और नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसी भी सूरत में बुड्ढा दरिया में गंदगी नहीं जानी चाहिए।

**डेयरी कॉम्प्लेक्स पर फोकस**

प्रशासन ने हैबोवाल और ताजपुर रोड स्थित डेयरी कॉम्प्लेक्स में गोबर निस्तारण की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं। डोर-टू-डोर गोबर उठाने के लिए लगाए गए ठेकेदार को काम तेज करने को कहा गया है, ताकि दरिया में गंदगी जाने से रोका जा सके।

**'सीचेवाल मॉडल' से मिलेगी राहत**

सांसद सीचेवाल ने बताया कि हैबोवाल डेयरी कॉम्प्लेक्स में 'सीचेवाल मॉडल' के तहत एक विशेष तालाब बनाया गया है। इसका उद्देश्य गोबर को ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचने से पहले ही नियंत्रित करना है, जिससे प्लांट की कार्यक्षमता बनी रहे।

**डाइंग यूनिट्स पर भी सख्ती**

बैठक में यह भी तय किया गया कि डाइंग इंडस्ट्री से निकलने वाला बिना शुद्ध किया गया केमिकल वेस्ट दरिया या सीवर में डालने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को लगातार निगरानी रखने और एनजीटी के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

**जनता से सहयोग की अपील**

प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे बुड्ढा दरिया को स्वच्छ बनाने के प्रयासों में सहयोग करें और किसी भी तरह का कचरा दरिया में न डालें। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के जल स्रोत को बचाना सभी की जिम्मेदारी है।

## लुधियाना में सड़क हादसा, 18 वर्षीय युवक की मौत

समर न्यूज | लुधियाना



लुधियाना के थाना डिवीजन नंबर 7 क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा जेल के पास उस समय हुआ, जब दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। मृतक की पहचान ताजपुर रोड स्थित प्रीत नगर निवासी संजोग सिंह के रूप में हुई है। संजोग अपने दोस्त सागर (19) के साथ बाइक पर सवार था। हादसे में सागर को भी गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार राजू नामक युवक भी इस दुर्घटना में घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। हेल्पर आशीष ने घायलों को तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया, जबकि एक घायल को सिविल अस्पताल ले जाया गया। सभी घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिसकर्मी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दुर्घटना दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर के कारण हुई। फिलहाल पुलिस प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी का झंडा फहराकर मनाया गया 47वां स्थापना दिवस

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज




भाजपा लुधियाना के जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान की अध्यक्षता में शनिवार को जिला कार्यालय में पार्टी का 47वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान ने पार्टी का झंडा फहराया। समारोह में भाजपा के राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू विशेष रूप से शामिल हुए। जिला पदाधिकारियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कर स्थापना दिवस की बधाई दी। इस मौके पर भाजपा सांसद सतनाम सिंह संधू ने कहा कि भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को हुआ था और आज पार्टी अपनी 47वीं वर्षगांठ मना रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने महापुरुषों पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी से प्रेरणा लेती है। 2 सांसदों से 303 सांसदों तक का सफर तय कर भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनकर उभरी है और इस बार पंजाब में भी भाजपा की सरकार बनने की संभावना मजबूत है। उन्होंने कहा कि पंजाब भाजपा के कार्यकर्ता इतिहास रचने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर प्राण भाटिया, जगदीश शर्मा, विनोद कालिया, कमल गोसाईं, वेद बहल, जगदीश बिंद्रा, भूषण वर्मा, राकेश गोयल, बिहारी लाल सिंगला, रामपाल भेम, जसवंत सालदी, राधेश्याम खत्री, पीयूष कांत जैन, इंद्रजीत वर्मा, अशोक लूम्बा, सरदार तरनजीत सिंह, विजय सूरी, बलदेव पाठक, तरसेम लाल जैन और जगन्नाथ चोपड़ा को शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। सतनाम सिंह संधू ने बताया कि 6 अप्रैल 1980 को देशभर के प्रमुख जनसंघ नेताओं की बैठक में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी। पार्टी का चुनाव चिह्न 'कमल' घोषित किया गया और संविधान निर्माण का कार्य शुरू हुआ। उन्होंने बताया कि भाजपा का पहला अधिवेशन मुंबई के माहिम क्षेत्र में हुआ, जहां सर्वसम्मति से अटल बिहारी वाजपेयी को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने अटल जी के प्रसिद्ध शब्दों को याद करते हुए कहा, "अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा।" इस मौके पर भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी, कोर ग्रुप सदस्य जीवन गुप्ता, सरदार कंवरवीर सिंह टोहरा, दिनेश सरपाल, सुभाष डाबर, अरुणेश मिश्रा, डॉ. डी.पी. खोसला, डॉ. सुभाष बंसल, विपन सूद काका, हरबंस लाल फेंटा, जिला महामंत्री डॉ. कनिका जिंदल, उपाध्यक्ष महेश शर्मा, डॉ. निर्मल नय्यर, मनीष चोपड़ा, अश्वनी टंडन, नवल जैन, लक्की शर्मा, सुमित टंडन, बॉबी जिंदल, प्रेस सचिव डॉ. सतीश कुमार, युवा मोर्चा प्रधान रवि बत्रा, महिला मोर्चा प्रधान शीनू चुग सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## योग वॉक का आयोजन, 200 साधकों ने बढ़ाया उत्साह



शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज

भारतीय योग संस्थान, फिल्लौर क्षेत्र की ओर से एक भव्य और प्रेरणादायक योग वॉक का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 200 साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खास बात यह रही कि फगवाड़ा से भी 52 साधक इस आयोजन में शामिल हुए, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। सभी प्रतिभागी सुबह 6 बजे से पहले संकट मोचन मंदिर स्थल पर पहुंच गए और ठीक 6 बजे योग यात्रा की शुरुआत की गई। इस अवसर पर श्री बाला जी सेवा संघ के अध्यक्ष समाजसेवी रिंका पासी और जिला प्रधान अनिल कोछड़ ने हरी झंडी दिखाकर योग वॉक को रवाना किया। सभी साधक सफेद शर्ट और काले लोअर के ड्रेस कोड में नजर आए। यह योग वॉक लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और योग के महत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निकाली गई। यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई अंबेडकर चौक तक पहुंची, जहां बीच-बीच में योग और देशभक्ति से जुड़े गीतों ने माहौल को ऊर्जा से भर दिया।

## सीएचसी में वर्ल्ड हेल्थ डे पर जागरूकता कार्यक्रम, स्वास्थ्य योजनाओं की दी जानकारी

शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज




कम्युनिटी हेल्थ सेंटर (सीएचसी) बड़ा पिंड में वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस दौरान हेल्थ डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने लोगों को सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और सुविधाओं के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम का नेतृत्व सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. परमजीत सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए लोगों का स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना बेहद जरूरी है और उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का पूरा लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेल्थ स्कीम के तहत पंजाब के प्रत्येक नागरिक को 10 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जा रहा है। मेडिकल ऑफिसर (डेंटल) डॉ. अविनाश ने दंत स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ दांत और मुंह संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, इसलिए लोगों को नियमित रूप से अपने दांतों की जांच करवानी चाहिए। वहीं मेडिकल ऑफिसर डॉ. ममता गौतम ने टेली-मानस सेवा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मानसिक तनाव, डिप्रेशन और अन्य मनोवैज्ञानिक समस्याओं के समाधान के लिए सरकार द्वारा टोल फ्री नंबर 14416 और 1-800-891-4416 पर विशेषज्ञ सलाह उपलब्ध कराई जा रही है। ब्लॉक एजुकेटर प्रीतिंदर सिंह ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीनेशन के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि यह वैक्सीन बेहद प्रभावी है और स्वास्थ्य संस्थानों में 14 से 15 वर्ष की लड़कियों को मुफ्त लगाई जाती है। कार्यक्रम के अंत में लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई। इस मौके पर हेल्थ सुपरवाइजर सतनाम, कुलदीप वर्मा, फार्मासिस्ट अमित पांडे सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

## 48 महीनों में 300 करोड़ के काम, उत्तरी हल्के में बदलाव: बग्गा

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

हल्का उत्तरी क्षेत्र में पिछले चार वर्षों के दौरान करीब 300 करोड़ रुपये के विकास कार्य शुरू किए गए हैं। यह जानकारी क्षेत्र के विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने दी। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। विधायक बग्गा के मुताबिक, इन परियोजनाओं में प्रमुख रूप से सड़कों का निर्माण और चौड़ीकरण, आधुनिक सीवरेज सिस्टम, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, खेल सुविधाओं का विस्तार और नए पुलों का निर्माण शामिल है। उन्होंने कहा कि कई मुख्य सड़कों को नया रूप दिए जाने से ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हुआ है और लोगों को आवागमन में पहले से अधिक सुविधा मिल रही है। सीवरेज सिस्टम को मजबूत करने से जलभराव की समस्या में कमी आई है, वहीं जल सप्लाई प्रोजेक्ट्स के जरिए घर-घर तक साफ पानी पहुंचाने के प्रयास किए गए हैं। युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए क्षेत्र में क्रिकेट ग्राउंड और बैडमिंटन कोर्ट भी बनाए गए हैं। विधायक ने यह भी बताया कि उत्तरी विधानसभा क्षेत्र को अपनी तहसील मिलने के साथ-साथ चांद सिनेमा के पास लंबे समय से लंबित पुल निर्माण कार्य पूरा होने से विभिन्न इलाकों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। विधायक बग्गा ने दावा किया कि पिछले 48 वर्षों में जितना विकास नहीं हुआ, उससे कहीं अधिक काम केवल 48 महीनों में किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य जनता को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना और क्षेत्र को आधुनिक बनाना है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में विकास कार्यों की रफ्तार और तेज की जाएगी, ताकि उत्तरी विधानसभा को एक आदर्श क्षेत्र बनाया जा सके और हर नागरिक को बेहतर जीवन स्तर मिल सके।

## पंजाब वर्ष 2025-26 में सबसे अधिक निवेश हासिल करने वाला प्रदेश: मंत्री संजीव अरोड़ा

कुलदीप काला | लुधियाना
समर न्यूज



पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, स्थानीय निकाय और बिजली मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि राज्य ने उद्योग जगत से किए गए वादों को पूरा करते हुए जालंधर बाईपास के पास 10 एकड़ भूमि पर एग्जिबिशन सेंटर बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसका टेंडर जल्द खोला जाएगा और निर्माण कार्य एक वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है। लुधियाना में उद्योगपतियों के साथ बैठक के दौरान अरोड़ा ने बताया कि पंजाब ने वर्ष 2025-26 में अब तक का सबसे बड़ा निवेश हासिल किया है। राज्य को 60,256 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिससे लगभग 1.35 लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल का परिणाम है और अगले वर्ष 75,000 करोड़ निवेश का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री ने कहा कि पंजाब निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। जेएसडब्ल्यू और मित्तल ग्रुप ने क्रमशः 3,000 और 2,600 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है, जबकि टाटा स्टील ने लुधियाना की साइकिल वैली में उत्पादन शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि एक महीने के भीतर नई औद्योगिक पार्क नीति लागू की जाएगी, जिसके तहत 25 एकड़ से बड़े पार्क विकसित होंगे। जीरो लिक्विड डिस्चार्ज अपनाने वाले उद्योगों को 10 करोड़ तक सहायता, नए उद्योगों को 100% प्रोत्साहन और पैडी स्ट्रॉ आधारित बॉयलर प्लांट पर 7.5 करोड़ तक सब्सिडी दी जाएगी। अरोड़ा ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 29 नए पीसीआर वाहन शामिल किए गए हैं और गश्त तेज की जाएगी। साथ ही सड़कों की री-कार्पेटिंग का काम मई तक पूरा होने की उम्मीद है।

हलवारा एयरपोर्ट की उड़ानों के समय को लेकर पूछे गए सवाल पर अरोड़ा ने स्पष्ट किया कि समय एयर इंडिया द्वारा अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी को ध्यान में रखकर तय किया गया है और इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

बैठक में उद्योग विभाग के सचिव गुरकीरत किरपाल सिंह, विधायक अशोक पराशर पप्पी, कुलवंत सिंह सिद्धू, मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर, डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन, पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा, नगर निगम आयुक्त नीरू कत्याल सहित कई अधिकारी और उद्योगपति उपस्थित रहे।

UNITED PRESS CLUB (REGD.) Strength Of Democracy
UNITED PRESS CLUB
AVON CYCLES
TITLE SPONSOR
JOURNALIST PREMIER LEAGUE
10 APRIL - 03 MAY
JOURNALIST WELFARE TRUST
POWERED BY DUKE
CO-POWERED BY easyvisa
ASSOCIATES PARTNERS
amy soul | DASMESH Malerkotla, Punjab, India | AnsalWealth Real Estate | Home Loans | Insurance | Worldwide Awarded Sexologist Clinic BY DR BEERINDER SINGH YOGI (DIRECTOR) Dr. YOGI's Health Care +91 9212 222 222 | CGC UNIVERSITY MOHALI Shaping Tomorrow, Today | IOL | KG EXPORTS | CREDAI PUNJAB www.credaipunjab.com | Vaidban Since 1992

ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्या: CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 212